रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 585] नई दिल्ली, शुक्रवार, नवम्बर 29, 2013/अग्रहायण 8, 1935
No. 585] NEW DELHI, FRIDAY, NOVEMBER 29, 2013/AGRAHAYANA 8, 1935

IndiaCode

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

(स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 29 नवम्बर, 2013

सा.का.नि. 759(अ).—केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका–विज्ञान संस्थान, बंगलोर, अधिनियम, 2012 (2012 का 38) की धारा 30 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है; अर्थात् :–

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.—

(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका–विज्ञान संस्थान, बंगलोर नियम, 2013 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. परिभाषाएं : इन नियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, –

(क) अधिनियम से राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका–विज्ञान संस्थान, बंगलोर अधिनियम, 2012 (2012 का 38) अभिप्रेत है

(ख) निदेशक से संस्थान का निदेशक अभिप्रेत है

(ग) संस्थान से राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका–विज्ञान संस्थान बंगलोर अभिप्रेत है

(घ) अध्यक्ष से संस्थान का अध्यक्ष अभिप्रेत है

(ङ) धारा से अधिनियम की धारा अभिप्रेत है ।

3. गैर चिकित्सा वैज्ञानिक और चिकित्सा संकाय प्रतिनिधियों का नामनिर्देशन.–(1) केंद्रीय सरकार, अधिनियम की धारा 5 की उप–धारा (1) के खंड (i) के अधीन सदस्यों के नामनिर्देशन के प्रयोजन के लिए, भारतीय विज्ञान कांग्रेस एसोसिएशन, का प्रतिनिधित्व करने वाला एक गैर चिकित्सा वैज्ञानिक संस्थान के अतिरिक्त प्रोत्साहन और उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए छः अन्य व्यक्तियों को नामनिर्दिष्ट करेगी :

परंतु यह कि तीन व्यक्ति जिसमें से एक राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका–विज्ञान संस्थान, बंगलोर से भिन्न केंद्रीय सरकार के अधीन किसी राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका–विज्ञान संस्थान से होगा, और दो मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका–विज्ञान से संबंधित विद्या विशेष ख्याति प्राप्त किसी मान्यता संस्थान से होंगे :

परंतु यह और कि तीन अन्य वैज्ञानिक नामनिर्दिष्ट होंगे जिनमें किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से जैविक, व्यवहार संबंधी और भौतिक विज्ञान के क्षेत्र का ख्याति प्राप्त एक–एक व्यक्ति होगा।

(2) केंद्रीय सरकार, अधिनियम की धारा 5 की उपधारा (1) के खंड (2) के अधीन सदस्यों के नामनिर्देशन के प्रयोजन के लिए भारतीय विष्वविद्यालयों के आयुर्विज्ञान संकायों के चार प्रतिनिधि में से एक राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका–विज्ञान संस्थान, बंगलोर से नामनिर्दिष्ट किया जाएगा और ऐसे नामनिर्दिष्ट प्रतिनिधि मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका–विज्ञान से संबंधित विभिन्न विद्या विशेष से होगा।

4. आकस्मिक रिक्तियों का भरा जाना.– पदेन सदस्य से भिन्न सदस्य के कार्यालय में हुई किसी आकस्मिक रिक्ति को, यथास्थिति, अधिनियम की धारा 5 के उपबंधों के अनुसार नामनिर्देशन या चुनाव द्वारा भरी जाएगी।

5. अध्यक्ष की शक्तियाँ और कृत्य.– अध्यक्ष निम्न करेगा –

(i) संस्थान के कारबार के संचालन के लिए ऐसे कर्तव्यों का पालन करेगा और ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगा, जो संस्थान द्वारा उसमें निहित की जाए ;

(ii) संस्थान के कार्यों और उसकी प्रगति की सामयिक समीक्षा करने की शक्ति होगी ;

(iii) संस्थान की बैठकें बुलाना और प्रत्येक बैठक की अध्यक्षता करना ;

(iv) शासी निकाय के अध्यक्ष के रूप में कार्य करना; और

(v) यदि अवश्यक हो, संस्थान के सोसाइटी के अन्य सदस्यों को सलाह देना।

6. अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों के भत्ते.–(1) संस्थान के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष या सदस्य कोई भत्ता या पारिश्रमिक लेने के हकदार नही होंगे और, तथापि यात्रा और दैनिक भत्ते, ले सकेगा यदि कोई हो। जिसका वह अधिनियम की धारा 31 के अधीन विरचित विनियमों के अंतर्गत लेने का पात्र है ।

(2) उप नियम (1) की कोई बात ऐसे निदेशक को लागू नहीं होगी जो निदेशक के पद से संलग्न वेतन और भत्ते ले सकता है ।

7. स्थायी समितियां,– (1) एक स्थायी वित्त समिति गठित की जाएगी, जिसमें वित्त मंत्रालय के प्रतिनिधित्व के लिए संयुक्त सचिव से अन्यून रैंक का सदस्य भी होगा ।

(2) संस्थान अधिनियम की धारा 11 की उप–धारा (5) के अनुसार एक शैक्षणिक समिति, एक संपदा समिति, एक स्थायी चयन समिति, अस्पताल प्रबंधन समिति, योजना और मॉनिटरी समिति, प्रतितोष समिति, पुनर्वासन समिति या किसी अन्य स्थायी या तदर्थ समितियों को भी गठित कर सकेगा ।

(3) स्थायी वित्त समिति को निम्नलिखित मामले निर्दिष्ट किए जाएंगे, जो उन पर विचार करेगी और अपनी सिफारिशें देगी, अर्थात् :–

(क) संस्थान की प्राप्तियां और व्यय दर्शाने वाले वार्षिक लेखे के साथ उनकी लेखा परीक्षा रिपोर्ट ;

(ख) संस्थान की प्राक्कलित प्राप्तियाँ और व्यय दर्शाने वाले बजट प्राक्कलन;

(ग) सभी नए पद (पदों) के सृजन के लिए प्रास्थापन ;

(घ) संस्थान से संबंध रखने वाले निवादाओं की स्वीकृति से भिन्न सभी वित्तीय मामले ; और

(ङ) ऐसे सभी मामले, जो पांच करोड रुपये से अधिक की निवादाओं के आमंत्रण और स्वीकृति से संबंधित हैं ।

8. पद को सृजित करना और उन पर नियुक्तियां करना –

(1) संस्थान, बजट में विनिर्दिष्ट उपबंधों और केन्द्रीय सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किए गए अनुदेशों के अध्यधीन रहते हुए केन्द्रीय सरकार द्वारा यथा अनुमोदित ऐसे वेतन बैंड और ग्रेड वेतन या वेतनमान पर पद को सृजित कर सकेगा, उनका श्रेणियों में वर्गीकरण करेगा और उनके पदनाम विनिर्दिष्ट करेगा :

परंतु यह कि अपर आचार्य स्तर के किसी पद का सृजन, सिवाय केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन के नहीं किया जाएगा ;

परंतु यह और कि पदों के सृजन की शक्तियों का प्रयोग करते समय केन्दीय सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किए गए अनुदेशों, आर्थिक उपायों का यथा अनुपालन भी किया जायेगा ।

(2) केन्द्रीय सरकार की पूर्व अनुमोदन से संस्थान द्वारा निदेशक के पद पर नियुक्ति होगी ।

IndiaCode

(3) अध्यक्ष, निदेशक के छुट्टी पर जाने या पद त्याग या किसी अन्य घटना क्रम में पद के रिक्त होने पर और नये निदेशक की नियुक्ति के समय तक के लिए चिकित्सा संकाय के ज्येष्ठतम आचार्य को छह मास से अनधिक अवधि के लिए निदेशक के कृत्यों को देखने के लिए नियुक्त कर सकेगा :

परंतु यह कि संस्थान संकाय सदस्यों में से किसी व्यक्ति को उन कारणों के लिए जो लेखबद्ध किए जाएं छह मास से अनधिक अवधि के लिए निदेशक के रूप में नियुक्त कर सकेगी :

यह और कि यदि ऐसी नियुक्ति की अवधि छः मास से अधिक होने की संभावना है तो ऐसी नियुक्ति को छह मास के पश्चात्, विस्तार प्रदान करने के पहले केन्द्रीय सरकार कीण् पूर्व अनुमति ली जाएगी ।

(4) संस्थान में भर्ती की पद्यति, आयु सीमा, शैक्षिक अर्हताएं और विभिन्न पदों पर नियुक्तियों से संबंधित अन्य विषयों और सेवा की शर्तें वह होंगी जो राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका—विज्ञान संस्थान, बंगलोर विनियम, 2013, में विनिर्दिष्ट हैं ।

(5) राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका—विज्ञान मानित विश्वविद्यालय के कर्मचारी स्वतः राष्ट्रीय महत्व के इस नये संस्थान के सदस्य बन जाएंगे और उनके वेतन और सेवा की शर्तें वही बनी रहेंगी ।

9. बजट प्राक्कलन— संस्थान की प्राक्कलित प्राप्तियों और व्ययों को दर्शित करने वाला वार्षिक बजट नीचे विनिर्दिष्ट रूप से और ऐसे प्रारूप में जो केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिकथित की जाय दो भागों में तैयार की जाएगी और उसे केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुबद्ध तारीख तक तीन प्रतियों में प्रस्तुत किया जाएगा, अर्थात्;

भाग एक — गैर योजना व्यय से संबंधित, और

भाग दो — योजना व्यय से संबंधित

10. संस्थान की निधि में जमा और उससे आहरण —

(1) संस्थान की निधि में जमा की गई सभी रकम बंगलोर में राष्ट्रीकृत बैंक की किसी भी शाखा में जमा किया जाएगा ।

(2) निदेशक के द्वारा निधि संचालित होगी और निधि से आहरण निदेशक या निदेशक के द्वारा उसकी ओर से प्राधिकृत संस्थान के किसी अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित चेक द्वारा किया जाएगा ।

(3) सभी बिलों के भुगतान के लिए संस्थान के लेखा अधिकारी द्वारा उसकी प्राथमिक जांच की जाएगी ।

11. वार्षिक लेखाओं के विवरण —

(1) संस्थान की वार्षिक लेखाओं का विवरण जिसके अंतर्गत तुलन पत्र भी है, ऐसे प्रारूप में होगा जैसा केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिकथित किया जाए ।

(2) 31 मार्च को समाप्त होने वाले प्रत्येक वर्ष से संबंध रखने वाले विवरणों को उनकी लेखा परीक्षा रिपोर्ट के साथ केन्द्रीय सरकार द्वारा समय—समय यथा अपेक्षित संख्या में अतिरिक्त प्रतियों के साथ ऐसे समय तक केन्द्रीय सरकार को अग्रेषित की जाएगी जैसा केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिकथित किया जाय ।

12. वार्षिक रिपोर्ट — धारा 20 में निर्दिष्ट वार्षिक रिपोर्ट 31 मार्च को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष से संबंधित होगी और केन्द्रीय सरकार द्वारा यथा अपेक्षित संख्या में अतिरिक्त प्रतियों के साथ ऐसे समय तक केन्द्रीय सरकार को प्रस्तुत की जाएगी जैसा केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिकथित किया जाए ।

13. विवरणी— संस्थान विवरणियों और सूचना को ऐसे प्रारूप और रीति में देगा जैसा सरकार द्वारा अपेक्षित किया जाए ।

[फा. सं. वी. 18013/08/2012—पी.एच.—1]

सुश्री सुजया कृष्णन, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

(Department of Health and Family Welfare)

NOTIFICATION

New Delhi, the 29th November, 2013.

G.S.R. 759(E).—In exercise of the powers conferred by section 30 of the National Institute of Mental Health and Neuro-Sciences, Bangalore Act, 2012 (38 of 2012), the Central Government hereby makes the following rules, namely:-

1. Short title and commencement.–

(1) These rules may be called the National Institute of Mental Health and Neuro-Sciences, Bangalore Rules, 2013.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

IndiaCode

2. Definitions.—In these rules, unless the context otherwise requires,-

(a) "Act" means the National Institute of Mental Health and Neuro-Sciences, Bangalore Act, 2012 (38 of 2012);

(b) "Director" means the Director of the Institute;

(c) "Institute" means the National Institute of Mental Health and Neuro-Sciences, Bangalore;

(d) "President" means the President of the Institute;

(e) "section" means a section of the Act.

3. Nomination of representatives of non-medical scientists and medical faculties.—

(1) For the purpose of nomination of members under clause (j) of sub-section (1) of section 5 of the Act, the Central Government, in addition to one non-medical scientist representing Indian Sciences Congress Association, shall nominate another six persons having due regard to the furtherance and objects of the Institute:

Provided that three persons shall be nominated from medical scientists, out of which one shall be from any Mental Health and Neuro-Sciences Institute under Central Government, other than National Institute of Mental Health and Neuro-Sciences, Bangalore, and two from any recognised Institutes of repute in disciplines pertaining to mental health and neuro sciences:

Provided further that another three scientists nominated shall be one each from the disciplines of biological; behavioural and physical sciences, of repute, from any recognised University.

(2) For the purpose of nomination of members under clause (k) of sub-section (1) of section 5 of the Act, the Central Government shall nominate four representatives of medical faculties from Indian Universities of which one shall be from the National Institute of Mental Health and Neuro-Sciences, Bangalore and the representatives so nominated shall be from different disciplines pertaining to mental health and neuro sciences.

4. Filling up of casual vacancies. —Any casual vacancy in the office of a member, other than *ex officio* member, shall be filled by nomination or election, as the case may be, in accordance with the provisions of section 5 of the Act.

5. Powers and functions of the President.—The President shall -

(i) perform such duties and exercise such powers for the conduct of business of the Institute, as may be vested in him by the Institute;

(ii) have powers to review periodically the work and progress of the Institute;

(iii) convene meetings of the Institute and preside over every meetings;

(iv) act as Chairperson of the Governing Body; and

(v) offer advice to other members of the Society, if needed.

6. Allowances of President, Vice-President and Members.—(1) The President, Vice-President or any member of the Institute shall not be entitled to any allowance or other remuneration and shall, however, draw the travelling and daily allowances, if any, to which he may be eligible under the regulations framed under section 31of the Act.

(2) Nothing in sub-rule (1) shall apply to the Director who may draw the salary and allowances attached to the post of Director.

7. Standing Committees.—(1) There shall be constituted a Standing Finance Committee, which shall include the member not below the rank of Joint Secretary representing the Ministry of Finance.

(2) The Institute may also constitute an Academic Committee, an Estate Committee, a Standing Selection Committee, Hospital Management Committee, Planning and Monitoring Committee, Grievance Redressal Committee, Rehabilitation Committee or any other standing or a*d hoc* Committees in accordance with sub-section (5) of section 11 of the Act.

(3) The following matters shall be referred to the Standing Finance Committee, which shall consider them and make its recommendations thereon, namely:-

(a) annual accounts showing the receipts and expenditure of the Institute together with the audit report thereon;

(b) budget estimates showing the estimated receipts and expenditure of the Institute;

(c) all proposals for the creation of new post(s);

(d) all financial matters pertaining to the Institute other than acceptance of tenders; and

(e) all matters relating to the invitation and acceptance of tenders above rupees five crore.

8. Creation of posts and appointments made thereto.—(1) The Institute may create posts, subject to specific provision in the budget, and the instructions of the Central Government issued from time to time, on such pay band and grade pay or pay scale as are approved by the Central Government, classify them into grades and specify their designations:

Provided that no post above the Additional Professor level shall be created except with the prior approval of the Central Government:

Provided further that while exercising the powers for creation of posts as also for observing economy measures, the instructions issued by Central Government from time to time shall be adhered to.

(2) The appointment to the post of Director shall be made by the Institute with the prior approval of the Central Government.

(3) In the event of the Director proceeding on leave or resigning or the post falling vacant in any other eventuality and till such time a new Director is appointed, the President may appoint the senior most Professor from among the medical faculty to look after the functions of the Director for a period not exceeding six months:

Provided that the Institute may appoint, for reasons to be recorded in writing, any person from among the medical faculty as Director for a period not exceeding six months:

Provided further that if the period of such appointment is likely to exceed six months, prior approval of the Central Government shall be taken before granting extension of such appointment beyond six months.

(4) The method of recruitment, age-limit, educational qualifications and other matters relating to appointment to various posts, and the conditions of service in the Institute shall be as specified in the National Institute of Mental Health and Neuro-Sciences, Bangalore Regulations, 2013.

(5) The employees of National Institute of Mental Health and Neuro-Sciences Deemed University shall automatically become the employees of the new Institute of national importance and their pay and allowances and other service conditions shall continue to be the same.

9. Budget Estimates.—The annual budget showing the estimated receipts and expenditure of the Institute shall be prepared in two parts as specified below and they shall be in such form as may be laid down by the Central Government and shall be submitted to it in triplicate by the date stipulated by the Central Government, namely:

Part I- relating to Non-plan expenditure, and

Part II- relating to Plan expenditure.

10. Deposits into and withdrawals from Fund of Institute.—(1) All moneys credited to the Fund of the Institute shall be deposited in any branch of a nationalised bank, at Bangalore.

(2) The said Fund shall be operated by the Director and withdrawals from the Fund shall be made by cheques signed by the Director or an officer of the Institute duly authorised by the Director on his behalf.

(3) All bills for payment shall be pre checked by an Accounts Officer of the Institute.

11. Annual Statement of Accounts.—(1) The annual statement of accounts including the balance sheet of the Institute shall be in such form as may be laid down by the Central Government.

(2) The statements pertaining to each financial year ending 31st day of March together with the audit report thereon shall be forwarded to the Central Government, together with such number of spare copies thereof as may be required by the Central Government from time to time, by such time as may be laid down by the Central Government.

12. Annual Reports.—(1) The annual report referred to in Section 20 shall relate to the financial year ending on the 31st day of March and shall be submitted to the Central Government, together with such number of copies as may be required by the Central Government, by such time as may be laid down by the Central Government.

13. Returns.—The Institute shall furnish to the Central Government returns and information in such form and manner as may be required by the said Government.

[F. No. V-18013/08/2012-PH-I]

Ms. SUJAYA KRISHNAN, Jt. Secy.

अधिसूचना

नई दिल्ली, 29 नवंबर, 2013

सा.का.नि. 760(अ).— केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका—विज्ञान संस्थान, बंगलोर, अधिनियम, 2012 (2012 का 38) की धारा 31 के साथ पाठित उप—धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित विनियम बनाती है; अर्थात्:—

IndiaCode

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ –

(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका–विज्ञान संस्थान, बंगलोर विनियम, 2013 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगें ।

2. परिभाषाएं : इन नियमों में जबतक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, –

(i) ''अधिनियम'' से इन विनियमों में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका–विज्ञान संस्थान, बंगलोर, अधिनियम, 2012 (2012 का 38) अभिप्रेत है;

(ii) ''उपाबंध'' से इन विनियमों की अनुसूची के उपाबंध अभिप्रेत हैं;

(iii) ''सभापति'' से संस्थान के शासी निकाय का सभापति अभिप्रेत है;

(iv) ''निदेशक'' से संस्थान का निदेशक अभिप्रेत है;

(v) ''मूल नियम'' से केंद्रीय सरकार के सेवकों को यथा रूप लागू होने वाले मूल नियम अभिप्रेत है;

(vi) ''साधारण वित्तीय नियम'' से केंद्रीय सरकार द्वारा वित्तीय प्रबंध और नियंत्रण के लिए विरचित नियम अभिप्रेत है;

(vii) ''निम्हान्स'' से राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका–विज्ञान संस्थान, बंगलोर अभिप्रेत है;

(viii) ''अध्यक्ष'' से संस्थान का अध्यक्ष अभिप्रेत है;

(ix) ''प्राप्ति और भुगतान नियम'' से केन्द्रीय सरकार की केन्द्रीय सरकार लेखा (प्राप्तियां और भुगतान नियम) 2013, अभिप्रेत है;

(x) नियम से राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका–विज्ञान संस्थान, बंगलोर नियम, 2013 अभिप्रेत है;

(xi) ''अनुसूची'' से इन विनियमों कि अनुसूची अभिप्रेत है;

(xii) ''सचिव'' से संस्थागत और शासी निकाय का सदस्य–सचिव अभिप्रेत है;

(xiii) ''स्थायी समितियों और तदर्थ समितियों'' से अधिनियम कि उप धारा (5) के अधीन गठित क्रमशः स्थायी समितियां और तदर्थ समितियां अभिप्रेत है;

(xiv) ''अनुपूरक नियम'' से केन्द्रीय सरकार के सेवकों को लागू अनुपूरक नियम अभिप्रेत हैं जो मूल नियमों के अध्यधीन हैं;

(2) इस विनियम में प्रयुक्त शब्दों और वाक्यांशों जो परिभाषित नहीं हैं उनका वही अर्थ होगा जो कि उन्हें अधिनियम में क्रमशः दिया गया है ।

3. संस्थान की बैठकों का समय और स्थान.–संस्थान प्रत्येक वर्ष में कम से कम एक बार ऐसे समय और स्थान पर बैठक करेगा जैसा कि अध्यक्ष द्वारा समय –समय पर अवधारित किया जाय ।

4. संस्थान की बैठक बुलाने की शक्ति.–(1) अध्यक्ष, किसी भी समय संस्थान की बैठक बुला सकेगा, और जब उससे पचास प्रतिशत से अन्यून सदस्यों के द्वारा उस प्रयोजन के लिए विषय को विनिर्दिष्ट करते हुए लिखित रूप से बैठक बुलाने की मांग की जाय वहां भी वह ऐसी बैठक बुला सकेगा ।

(2) अध्यक्ष, संस्थान की असाधारण बैठक को लिखित रूप से कम से कम पूरे सात दिन पूर्व सूचना देकर बुला सकेगा, और जहां उससे पचास प्रतिशत से अन्यून सदस्यों के द्वारा उस प्रयोजन के विषय को विनिर्दिष्ट करते हुए लिखित रूप से बैठक बुलाने की माँग की जाय वहां भी वह ऐसी बैठक बुला सकेगा ।

5. संस्थान की बैठक के लिए सूचना.–(1) संस्थान की साधारण बैठक के लिए, अध्यक्ष के द्वारा यथा अनुमोदित बैठक के स्थान, तारीख और समय को विनिर्दिष्ट करते हुए सचिव के द्वारा एक सूचना ऐसे बैठक बुलाये जाने की तारीख से कम से कम दो सप्ताह पहले रजिस्टर्ड डाक द्वारा सदस्यों को भेजी जाएगी, और ऐसी सूचना के साथ अध्यक्ष द्वारा यथा अनुमोदित कार्य सूची भी भेजी जाएगी, और जहां यह संभव न हो वहां कार्य सूची उसे बैठक से कम से कम दस दिन पहले रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजी जाएगी ।

(2) असाधारण बैठक के लिए, अध्यक्ष के द्वारा यथा अनुमोदित बैठक के स्थान, तारीख और समय को विनिर्दिष्ट करते हुए सचिव के द्वारा एक सूचना ऐसी बैठक बुलाए जाने की तारीख से कम से कम सात दिन पहले अध्यक्ष और सदस्यों को रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजी जाएगी ।

(3) अध्यक्ष, बैठक के दौरान या उसके पहले किसी भी समय कार्य सूची में निम्न सम्मिलित कर सकेगा,–

(i) कार्य के नये मद; और

IndiaCode

(ii) कार्य सूची में सम्मिलित कार्यों के अनुपूरक मदों को, और मदों को बैठक में विचार करने के लिए लिया जाएगा ।

6. संस्थान के सदस्यों द्वारा संकल्प लाना.—संस्थान का कोई सदस्य जो संस्थान की बैठक में कोई संकल्प लाने का इच्छुक है वह सचिव को इस प्रकार से बैठक की लिखित सूचना देगा जो बैठक की तारीख से कम से कम दस दिन पहले उसे प्राप्त हो जाए, और जब ऐसी सूचना दी गई है तो प्रस्तावित संकल्प को सचिव के द्वारा तुरंत उसे सदस्यों को परिचालित की जाएगी और कार्य सूची में सम्मिलित किया जाएगा ।

7. संस्थान की गणपूर्ती.—(1) संस्थान की बैठक में कोई कारबार का संव्यवहार नहीं किया जायेगा जब तक कि बैठक में आठ सदस्य उपस्थित न हो ।

(2) यदि बैठक करने के लिए नियत तारीख और समय पर गणपूर्ती उपस्थित नहीं है तो बैठक स्थगित कर दी जाएगी, और सदस्य, अध्यक्ष के द्वारा नियत तारीख, समय और स्थान पर बैठेंगे, और यदि स्थगित तारीख और समय पर भी गणपूर्ती पूरी नहीं है तो बैठक की जाएगी यदि कुल सदस्य संख्या के कम से कम एक चौथाई सदस्य उपस्थित है :

परंतु यह कि उपस्थित सदस्यों को और ऐसे प्रत्येक सदस्य को जो उस बैठक में उपस्थित नहीं थे को रजिस्टर्ड डाक, फैक्स या ई— मेल द्वारा जैसा कि मामले में अपेक्षित हो पूरे सात दिन की सूचना देगा ।

(8) संस्थान की बैठक की अध्यक्षता.— (1) अध्यक्ष, संस्थान की प्रत्येक बैठक की अध्यक्षता करेगा।

(2) यदि किसी बैठक में अध्यक्ष उपस्थित नहीं है तो उपस्थित सदस्य अपने में से एक सदस्य को बैठक की अध्यक्षता के लिए चुनेगें ।

9. संस्थान के कारबार का संव्यवहार.— (1) संस्थान के सभी विनिश्चय मतों की बहुसंख्या के आधार पर लिए जाएगें और मतों के समान हो जाने की दशा में अध्यक्ष को अपना निर्णायक मत देना होगा ।

(2) बैठक में किसी सदस्य द्वारा उठाये गये किसी विषय पर अध्यक्ष द्वारा किया गया विनिश्चय अंतिम होगा ।

(3) संस्थान द्वारा बैठक में निपटाया गया कोई भी विषय फिर से विचार के लिए नहीं लाया जाएगा जब तक कि एक वर्ष समाप्त न हो जाय, सिवाय उस दशा के, जहां अध्यक्ष या सदस्य सचिव या केन्द्रीय सरकार यह प्रमाणित करती है कि ऐसे विषय पर संस्थान के हित में या लोक हित में और विचार किया जाना आवश्यक है ।

10. पेपर परिचालन द्वारा संस्थान के कारबार का संव्यवहार.—(1) कोई कारबार जो संस्थान के लिए आवश्यक है कि वह उससे संव्यवहार करे, यदि अध्यक्ष ऐसा निर्देश देते हैं, तो सभी सदस्यों को भारत में उनके प्रायिक पते पर रजिस्ट्रीकृत कवर के अंतर्गत पेपरों के परिचालन द्वारा उस पर विचार किया जाएगा, और कोई संकल्प ऐसे प्रचालित किए जाने पर उसे पारित समझा जाएगा, यदि बहुसंख्यक सदस्य द्वारा लिखित में उसका अनुमोदन करते हैं, और वह इस प्रकार से प्रभावी और इस रूप में बाध्यकारी होगा, मानो की वह संकल्प संस्थान की बैठक में पारित किया गया है ।

(2) जब कोई कारबार परिचालन द्वारा सदस्यों को इस प्रकार से निर्दिष्ट किया जाता है तो सदस्यों के प्रत्युत्तर के लिए प्राप्ति के लिए तीन सप्ताह से अन्यून अवधि अनुज्ञात होगी और ऐसी अवधि की संगणना उस तारीख से की जाएगी जिसको कारबार की सूचना जारी की गई थी ।

परंतु यह कि यदि किसी सदस्य से तीन सप्ताह के भीतर कोई प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं होता है तो ऐसे परिचालित संकल्प को संबंधित सदस्य द्वारा अनुमोदित किया गया समझा जाएगा ।

(3) यदि किसी संकल्प को परिचालित किया जाता है तो उसका परिणाम सभी सदस्यों को संसूचित किया जाएगा ।

11. संस्थान के कारबार के अभिलेख.—(1) संस्थान द्वारा संव्यवहार किए गए सभी कारबार का एक अभिलेख सचिव के द्वारा अनुरक्षित होगा।

(2) संस्थान के सभी कारबार यथासाध्य सचिव द्वारा अनुरक्षित कार्यवृत्त पुस्तिका में संकल्प के रूप में अभिलिखित किए जाएंगे और उसके सम्यक् रूप से पुष्टि किए जाने के पश्चात् अध्यक्ष द्वारा उस बैठक में हस्ताक्षरित किया जाएगा और संस्थान की कार्यवाही पुस्तिका में प्रविष्टि इस तथ्य का निश्चायक साक्ष्य होगी कि ऐसे विनिश्चय संस्थान द्वारा लिए गए हैं ।

(3) बैठक की कार्यवाहियाँ अध्यक्ष द्वारा सम्यक् रूप से अनुमोदित होने के पश्चात् संस्थान के सदस्यों को परिचालित की जाएगी ।

12. शासी निकाय का गठन.—संस्थान की शासी निकाय संस्थान के निम्नलिखित सदस्यों से मिलकर बनेगी, अर्थात् :—

(क) संस्थान का अध्यक्ष — अध्यक्ष; पदेन सदस्य

(ख) सचिव, भारत सरकार या उसका नाम निर्देशिती (संयुक्त सचिव से अन्यून रैंक का) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय;

(ग) महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं, भारत सरकार ;

(घ) सचिव, भारत सरकार या उसका नाम निर्देशिती (संयुक्त सचिव से अन्यून रैंक का) व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय ;

IndiaCode

(ड.) संस्थान का निदेशक – सदस्य सचिव;

(च) मुख्य सचिव, कर्नाटक सरकार या उसका नामनिर्देशिती (उस सरकार का सचिव से अन्यून रैंक का) ;

(छ) संस्थान के तीन ज्येष्ठतम संकायाध्यक्ष ;

अन्य सदस्य

(ज) संस्थान के लिए चुने गए तीन संसद सदस्यों में से संस्थान द्वारा चुना गया एक संसद सदस्य ।

(झ) संस्थान के सदस्यों द्वारा अपने में से चुने गए तीन सदस्य ;

(ञ) संस्थान के तीन आचार्य जो ज्येष्ठता क्रम में संस्थान द्वारा चक्रानुक्रम से प्रतिवर्ष नामनिर्देशित किए जाएंगे;

(ट) तीन वर्ष की अवधि के लिए ऐसा कोई व्यक्ति जो केन्द्रीय सरकार की राय में संस्थान को आगे बढ़ाने में अभिदाय करेगा जो अधिनियम की धारा 11 की उपधारा (1) के परंतुक अध्यधीन होगा ।

13. अध्यक्ष और शासी निकाय की शक्तियां और कृत्य :–

(1) अध्यक्ष निम्न करेगा –

(i) शासी निकाय की बैठक की अध्यक्षता करेगा और कार्य सूची के मदों को उचित रूप में पुरःस्थापित करेगा ;

(ii) यह सुनिश्चित करेगा कि शासी निकाय के कार्य विधि के अनुसार संचालित किए जाए ;

(iii) शासी निकाय के विनिश्चयों का अनुपालन सुनिश्चित करेगा ;

(iv) शासी निकाय द्वारा प्रत्यायोजित कर्तव्यों को पूरा करेगा ;

(v) संस्थान के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता निश्चित करेगा ;

(vi) शासी निकाय की ओर से आकस्मिक दशाओं में की गई किसी कार्रवाई को उसकी अगली बैठक में अनुमोदन के लिए रिपोर्ट करेगा ।

(2) शासी निकाय निम्न रखेगा –

(i) संस्थान के कार्यों पर उसके लक्ष्यों और उद्देश्यों से संगत साधारण नियंत्रण रखेगा और संस्थान की सभी शक्तियों, कार्यों और विलेखों का प्रयोग करने और पालन करने का प्राधिकार रखेगा ;

(ii) व्यापक नीतियों और उद्देश्यों की स्थापना द्वारा संस्थान का शासन चलाएगा ;

(iii) संस्थान की वित्तीय स्थिति को मानिटर करेगा ;

(iv) अध्ययन के पाठ्यक्रमों का मूल्यांकन करेगा, उपचारी उपायों को सुझाएगा, संकाय सदस्यों के विनियोजन और विकास को मॉनिटर करेगा;

(v) संस्थान के कार्य के प्रशासन और प्रबंध से संबंधित किसी उप–विधि का संशोधन या निरसन अधिनियम, नियमों और इन विनियमों में उल्लिखित उपबंधों के पालन के अध्यधीन रहते हुए करेगा ।

(vi) आकस्मिक दशाओं में अपनी शक्तियों का प्रत्यायोजन अध्यक्ष को करेगा; और

(vii) ऐसे कर्तव्यों का पालन करेगा और ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगा जो संस्थान द्वारा उसे सौंपी जाय।

(3) अध्यक्ष और शासी निकाय इन विनियमों से उपाबद्ध अनुसूची–I में यथा विनिर्दिष्ट शक्तियों का प्रयोग करेंगे ।

14. शासी निकाय के सदस्यों की पद की अवधि और आकस्मिक रिक्तियों को भरना.–(1) शासी निकाय के पदेन सदस्यों और विनियम 12 के खंड (झ) और खंड (ट) के अधीन नाम निर्देशित व्यक्तियों से भिन्न सदस्यों के पद की अवधि तीन वर्ष की होगी, जो उसके संस्थान के सदस्य बने रहने के अध्यधीन होगी और बाहर जाने वाले सदस्य केवल एक बार पुनर्निवाचन और पुनः नामनिर्दिष्ट होने का पात्र होगा ।

(2) शासी निकाय में किसी आकस्मिक रिक्ति को इन विनियमों के उपबंधों के अनुसार भरा जाएगा ।

15. शासी निकाय की बैठक का समय और स्थान.–शासी निकाय छह मास में कम से कम एक बार ऐसे समय और स्थान पर बैठक करेगी, जो अध्यक्ष द्वारा समय–समय पर अवधारित किया जाए ।

IndiaCode

16. शासी परिषद की बैठक बुलाने की शक्ति.—अध्यक्ष किसी भी समय सूचना द्वारा बैठक का समय और स्थान विनिर्दिष्ट करके बैठक बुला सकता है, और जहां उससे पचास प्रतिशत से अन्यून सदस्यों के द्वारा इस प्रयोजन के लिए प्रस्तावित बैठक विषय को विनिर्दिष्ट करते हुए लिखित रूप से मांग की जाय वहां भी वह ऐसी बैठक बुला सकेगा ।

17. शासी निकाय के लिए बैठकों की सूचना.—(1) शासी निकाय की साधारण बैठक के लिए अध्यक्ष द्वारा यथा अनुमोदित बैठक का स्थान, तारीख और समय विनिर्दिष्ट करते हुए सचिव द्वारा ऐसी बैठक के कम से कम दो सप्ताह पहले सदस्यों को रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा सूचना देगा ।

(2) अध्यक्ष द्वारा यथा अनुमोदित कार्य सूची भी बैठक की सूचना के साथ भेजी जाएगी, और जहां यह सभंव न हो सके वहां कार्य सूची रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा कम से कम दस दिन पहले भेजा जाएगा ।

(3) असाधारण बैठकों के लिए, अध्यक्ष द्वारा यथा अनुमोदित बैठक के स्थान, तारीख और समय को विनिर्दिष्ट करते हुए सूचनाएं सचिव द्वारा अध्यक्ष और सदस्यों को बैठक से कम से कम सात दिन पहले रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा भेजेगा ।

(4) अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित कार्य सूची बैठक से कम से कम पांच दिन पहले रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा भेजी जाएगी ।

(5) अध्यक्ष किसी भी समय बैठक से पहले या बैठक के दौरान कार्य सूची में निम्न सम्मिलित कर सकेगा –

(i) कारबार के नए मदों को; और

(ii) कार्य सूची में पहले से सम्मिलित मदों के अनुपूरक मदों को, और ऐसे मदों को बैठक में विचार के लिए लिया जाएगा।

18. शासी निकाय की गणपूर्ती.—(1) शासी निकाय की बैठक में किसी कारबार का संव्यवहार नहीं किया जाएगा जब तक कि कम से कम आठ सदस्य उपस्थित न हों ।

(2) यदि बैठक करने के लिए नियत तारीख और समय पर गणपूर्ती उपस्थित नहीं है तो बैठक स्थगित होगी और शासी निकाय के अध्यक्ष द्वारा नियत तारीख, समय और स्थान पर फिर बैठक करेगा, और यदि उस स्थगित तारीख और समय पर भी गणपूर्ती पूरी नहीं है पर यदि कुल सदस्य संख्या के कम से कम एक तिहाई सदस्य उपस्थित हैं तो बैठक की जाएगी :

परंतु यह कि बैठक में उपस्थित सदस्यों को और उन सदस्यों जो बैठक में उपस्थित नहीं थे को पूरे सात दिन की सूचना उसी या आगे के दिन रजिस्ट्रीकृत डाक या विशेष दूत द्वारा जैसा कि परिस्थितियों से अपेक्षित हो दी जाएगी ।

19. शासी निकाय के बैठक की अध्यक्षता.——(1) अध्यक्ष शासी निकाय की प्रत्येक बैठक की अध्यक्षता करेगा ।

(2) यदि किसी बैठक में अध्यक्ष उपस्थित नही है तो उपस्थित सदस्य अपने में से एक सदस्य को बैठक की अध्यक्षता करने के लिए चुनेगा ।

20. शासी निकाय के कारबार का संव्यवहार.—(1) शासी निकाय के सभी विनिश्चय मतों की बहु संख्या से लिए जाएंगे, मतों के समान होने की दशा में अध्यक्ष अपना निर्णायक मत देगा ।

(2) किसी सदस्य द्वारा उठाये गए किसी विषय पर बैठक के अध्यक्ष द्वारा दिया गया विनिश्चय अंतिम होगा ।

(3) शासी निकाय द्वारा बैठक में निपटाया गया कोई भी विषय फिर से विचार के लिए नहीं लाया जाएगा, जब तक कि एक वर्ष समाप्त न हो जाय, सिवाय उस दशा को, जहां अध्यक्ष या सदस्य सचिव या केन्द्रीय सरकार यह प्रमाणित करती है कि ऐसे विषय पर संस्थान के हित में या लोक हित में और विचार किया जाना आवश्यक है ।

21. **पेपर परिचालन द्वारा शासी निकाय के कारबार.**—(1) कोई कारबार जिसका संव्यवहार शासी निकाय के लिए आवश्यक हो; यदि अध्यक्ष निर्देश देता है तो, सभी सदस्यों को भारत में उनके प्रायिक पते पर रजिस्ट्रीकृत कवर के अंतर्गत पेपर के परिचालन द्वारा उस पर विचार किया जाएगा, और कोई संकल्प ऐसे प्रचालित होने पर और उसका बैठक में पचास प्रतिशत से अन्यून सदस्यों के हस्ताक्षर द्वारा अनुमोदित होने पर इस प्रकार से प्रभावी होगा और इस रूप में बाध्यकारी होगा मानो की वह संकल्प संस्थान की बैठक में पारित किया गया है ।

(2) जब ऐसा कोई कारबार सदस्यों को परिचालन द्वारा इस प्रकार निर्दिष्ट किया जाता है तो सदस्यों के प्रत्युत्तर की प्राप्ति के लिए तीन सप्ताह से अन्यून अवधि अनुज्ञात होगी और ऐसी अवधि की संगणना उस तारीख से की जाएगी जिसको वह सूचना जारी की गयी थी ।

(3) यदि कोई संकल्प परिचालित किया जाता है तो उसका परिणाम सभी सदस्यों को संसूचित किया जाएगा।

22. शासी निकाय के कारबार के अभिलेख.—(1) शासी निकाय के सभी कारबार के संव्यवहार का अभिलेख सचिव द्वारा अनुरक्षित किया जाएगा ।

(2) संस्थान के सभी कारबार यथासाध्य सचिव द्वारा अनुरक्षित कार्यवृत्त पुस्तिका में संकल्प के रूप में अभिलिखित किए जाएंगे और उसकी सम्यक् पुष्टि होने के पश्चात् उस बैठक के अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षरित किए जाएंगे ।

(3) ऐसे विनिश्चय की संस्थान की कार्यवाही पुस्तिका में प्रविष्टि इस तथ्य का निश्चायक साक्ष्य होगी कि ऐसे विनिश्चय संस्थान द्वारा लिए गए विनिश्चय हैं ।

(4) बैठक की कार्यवाहियाँ अध्यक्ष द्वारा उसके सम्यक् अनुमोदित होने के पश्चात् शासी निकाय के सदस्यों को परिचालित की जाएगी ।

23. स्थायी और तदर्थ समितियों का गठन और् उनके कारबार का संचालन.—(1) स्थायी और तदर्थ समितियां पदेन सदस्य के रूप में संस्थान के निदेशक जो सचिव के रूप में कार्य करेगा और ऐसे अन्य सदस्यों के संख्या जिन्हें संस्थान द्वारा आवश्यक समझा जाय से मिलकर बनेगी ।

(2) तदर्थ समितियों के अध्यक्ष और सदस्यों को संस्थान द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाएगा ;

परंतु यह कि स्थायी वित्त समिति में केवल संस्थान के सदस्य सम्मिलित होंगे :

परतुं यह और कि शैक्षणिक समिति और स्थायी चयन समिति केवल मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका–विज्ञान से संबंधित विद्याशाखाओं के वृत्तिकों से मिलकर बनेगी ;

परंतु यह भी कि शैक्षणिक समिति और स्थायी चयन समिति से भिन्न अन्य स्थायी या तदर्थ समितियों ऐसे व्यक्तियों की संख्या जो संस्थान के सदस्य नहीं है कुल सदस्यता के एक चौथाई से अधिक नहीं होगी।

परंतु यह भी कि स्थायी या तदर्थ समिति की बैठक में कोई कारबार का संव्यवहार नहीं किया जाएगा जब तक कि समिति का गठन करने वाले कुल सदस्यों के कम से कम एक तिहाई सदस्य उपस्थित न हो ।

(3) स्थायी शैक्षणिक समिति संस्थान के शैक्षणिक कार्यों के प्रशासन से संबंधित सभी मामलों पर विचार करेगी ।

4. स्थायी आचार समिति नये भवन के संनिर्माण, भूमि के अर्जन और व्ययन, परिवर्धनों, परिवर्तनों और रख रखाव से संबंधित मामले और संस्थान से संबंधित भूमि प्रयोग के लिए प्रस्तावों पर विचार करेगी और संस्थान के उद्धेश्यों को पूरा करने के लिए और संस्थान के विस्तार के लिए प्रस्तावों और परियोजनाओं पर भी विचार करेगा और कार्यान्वयन मानिटर करेगी ।

5. स्थायी चयन समिति सभी संकाय पदों को चाहे सीधी भर्ती द्वारा या प्रोन्नति मूल्यांकन स्कीम के अंतर्गत भरने के लिए नियुक्ति पर विचार करेगी ।

6. अस्पताल प्रबंध समिति रोगी देखभाल सेवाएं या किसी विशेषज्ञीय सेवा के सृजन या नई सेवाएं, विभिन्न सेवाओं के लिए उद्ग्रहण किए जाने वाले प्रभारों की समीक्षा और पुनरीक्षण से संबंधित सभी नीति विषयक के मामले और अस्पताल प्रबंध से संबंधित किसी अन्य नीति विषयक मामले को देखेगी ।

7. योजना और मनिटरिंग परिषद संस्थान की प्रमुख योजना निकाय होगी और संस्थान के विकास कार्यक्रमों के मानिटरिंग के लिए उत्तरदायी होगी ।

8. शिकायत प्रतितोष समिति कर्मचारियों की नियुक्तियों, प्रोन्नतियों, सेवा मामले, भत्तों, सेवा निवृत्ति के फायदे आदि से संबंधित व्यक्तिगत शिकायतों और परिवादों पर विचार करने के लिए उत्तरदायी होगा ।

9. पुर्नवासन समिति मानसिक रोगों के साथ तंत्रिका संबंधी विकारों के कारण निर्योग्य रोगी के क्रिया कलापों का पर्यवेक्षण करगी और उनके पुर्नवासन की व्यवस्था करेगी ।

10. स्थायी समिति के सदस्य की पदावधि उसके गठन की तारीख से तीन वर्ष की होगी और तदर्थ समिति से बाहर जाने वाला सदस्य जैसे ही वह विनिर्दिष्ट कृत्य पूरा हो जाएगा जिसके लिए उक्त समिति गठित की गयी थी कार्य नहीं करेगा ।

11. स्थायी समिति या तदर्थ समिति में हुई आकस्मिक रिक्ति संस्थान द्वारा नामनिर्देशन से भरी जाएगी।

24. संस्थान के शासी निकाय, स्थायी और तदर्थ समितियों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और संस्थान के सदस्यों को संदेय यात्रा और दैनिक भत्ते.—(1) संस्थान के शासी निकाय, स्थायी और तदर्थ समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्य सिवाय शासी निकाय, स्थायी समितियों, तदर्थ समितियों यथा स्थिति की बैठक में भाग लेने के लिए यात्रा और दैनिक भत्तों के किसी भी प्रकार का पारिश्रमिक या अन्य भत्ते प्राप्त नहीं करेंगे ।

(2) संस्थान के अध्यक्ष और प्रत्येक सदस्य, शासी निकाय, स्थायी और तदर्थ समितियों के अध्यक्ष और सदस्य यदि वे केन्द्रीय सरकार के पूर्णकालिक अधिकारी हैं तो संस्थान, शासी निकाय, स्थायी या तदर्थ समितियों की बैठकों में भाग लेने हेतु यात्रा के लिए या संस्थान के किसी अन्य कार्य को करने के लिए शासकीय कर्तव्यों हेतु यात्रा करने के लिए उन पर लागू यात्रा और दैनिक भत्ते के हकदार होंगे ।

(3) जहां किसी संस्थान के शासी निकाय, स्थायी या तदर्थ समितियों के सदस्य को सरकार में अधिकारी रहते हुए कोई यात्रा और दैनिक भत्ते संदत्त किए गए हैं, वह संस्थान ऐसे अधिकारी की नियुक्ति करने वाले प्राधिकारी को ऐसे संदत्त की गयी रकम की प्रतिपूर्ती के लिए आवश्यक उपाय करेगा।

(4) संस्थान के अध्यक्ष और सदस्य और शासी निकाय, स्थायी और तदर्थ समितियों के अध्यक्ष और सदस्य जो सरकार के अधिकारी नही हैं, केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुपूरक नियम 190 और उसके अधीन कार्यपालक विनिश्चयों और आदेशों के अंतर्गत समय–समय पर विहित दरों पर यात्रा और दैनिक भत्ते के हकदार होंगे।

25. निदेशक की शक्तियां और कृत्य.—(1) निदेशक संस्थान का मुख्य कार्यपालक अधिकारी होगा और ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगा जो इन विनियमों से उपाबद्ध अनुसूची–I में यथा विनिर्दिष्ट हैं ।

(2) निदेशक संस्थान के प्रशासन का भार साधक होगा और वह संस्थान के अधिकारियों और कर्मचारियों के कर्त्तव्यों का आबंटन करेगा और ऐसे पर्यवेक्षण और कार्यपालिकीय नियंत्रण का प्रयोग करेगा जैसा कि आवश्यक हो ।

(3) संस्थान के प्रशासन के प्रयोजन के लिए, निदेशक को इस अधिनियम, नियमों और विनियमों के अधीन उसे प्रदान की गयी किसी भी शक्तियों को शासी निकाय द्वारा यथा अधिरोपित की जाने वाली परिसीमाओं के अध्यधीन रहते हुए संस्थान के किसी अधिकारी को प्रत्यायोजित करने की शक्ति होगी ।

26. पुरस्कारों, छात्रवृत्तियों, आदि प्रदान करने की शक्ति.—संस्थान, ऐसे पुरस्कारों, पारितोषिकों, स्मृति चिन्हों, वृत्तिका, छात्रवृत्तियों, आगंतुक आचार्यवृत्ति या अध्येतावृत्तियां प्रदान कर सकेगा जैसा कि समय–समय पर उसके द्वारा विनिश्चय किया जाय ।

27. अध्ययन के पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश.—(1) संस्थान अपने द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों के लिए छात्रों का प्रवेश करेगा और केन्द्रीय सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों, अन्य पिछडे वर्गों या अन्य विशेष प्रवर्ग से संबंधित व्यक्तियों के लिए आरक्षण प्रदान करेगा ।

(2) संस्थान के स्नातकोत्तर और पूर्व स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश हेतु चयनित अभ्यर्थियों के द्वारा संदेय फीस और पाठ्यक्रम वह होगा जैसा अनुसूची–II में विनिर्दिष्ट है :

परंतु यह कि उक्त अनुसूची का कोई भी संशोधन केवल शासी निकाय के पूर्व अनुमोदन से राजपत्र में अधिसूचना के प्रकाशन द्वारा किया जाएगा ।

28. डिग्रियां, डिप्लोमों, सर्टिफिकेट्स और अध्येतावृत्तियों का प्रदान करना.—संस्थान, संस्थान द्वारा समय–समय पर यथा विनिश्चित ऐसी डिग्रियां, डिप्लोमों, सर्टिफिकेट्स और अध्येतावृत्तियां प्रदान कर सकेगा।

29. परीक्षा का संचालन.—संस्थान के प्रवेश और वृत्तिक परीक्षा के संचालन के लिए यथा आवश्यक ऐसी संख्या में पर्यवेक्षकों, निरीक्षकों और अन्य कर्मचारिवृंद निदेशक द्वारा नियुक्त किए जा सकेंगे और उनके पारिश्रमिक अनुसूची–III में यथा उपदर्शित दर पर संदेय होंगे ।

30. अस्पताल का प्रभार.—संस्थान विभिन्न सेवाओं के लिए अनुसूची–IV में यथा विनिर्दिष्ट और शासी निकाय के पूर्व अनुमोदन से राजपत्र में अधिसूचना द्वारा समय– समय पर यथा संशोधित दरों के अनुसार प्रभार लेगा ।

31. कर्मचारियों का पूर्णकालिक सेवक होना.—जब तक कि, किसी मामले में, यदि अनन्य रूप से अन्यथा उपबंधित नहीं है, संस्थान के पूर्णकालिक कर्मचारी संस्थान की व्यवस्था पर रहेंगे और वे संस्थान के समुचित प्राधिकारी द्वारा अपेक्षित किसी भी रीति से बिना किसी अतिरिक्त पारिश्रमिक के दावे के नियोजित किए जा सकेंगे ।

32. स्थायी और अस्थायी पद.—संस्थान की सेवा में निम्न पद होंगे –

(i) स्थायी पद अर्थात् वह पद जो निश्चित वेतन दर की मंजूरी बिना किसी सीमा या समय के रखता है; या

(ii) अस्थायी पद, अर्थात् वह पद जो निश्चित वेतन दर की मंजूरी एक सीमित समय के लिए रखता है; या

(iii) मानद परामर्शदाता जो विनिर्दिष्ट अवधि के लिए मानदेय पर है, या

(iv) निर्धारित कर्म या निर्धारित कर्म (नियमित पदों) जो एक सीमित समय के लिए किसी कार्य को पूरा करने के लिए है ।

33. पद का वेतनमान.—संस्थान के विभिन्न पदों और उन पदों से संलग्न वेतन अनुसूची–IV में विनिर्दिष्ट हैं ।

परंतु यह कि उक्त अनुसूची का कोई संशोधन केवल शासी निकाय के पूर्व अनुमोदन से राजपत्र में अधिसूचना के प्रकाशन द्वारा किया जाएगा ।

परंतु यह और कि कर्मचारियों के सेवा के निबंधन और शर्तें सामान्यतः केंद्रीय सरकार के समरूप कर्मचारियों के लिए जो लागू हैं उससे उच्च नही होंगे और किसी शिथिलता के लिए वित्त मंत्रालय से परामर्श किया जाएगा ।

34. नियुक्ति के लिए अर्हताएं.—(1) विभिन्न पदों जिसके अंतर्गत संकाय के पद भी हैं पर नियुक्ति की पद्धति, आयु सीमा, शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव और संस्थान में उनकी सेवा शर्तें वह होंगी जो अनुसूची–IV में विनिर्दिष्ट हैं :

परंतु यह कि उक्त अनुसूची का कोई संशोधन शासी निकाय के पूर्व अनुमोदन से राजपत्र में अधिसूचना के प्रकाशन द्वारा किया जाएगा ।

(2) निदेशक, संस्थान में सीधी भर्ती द्वारा या प्रोन्नति द्वारा पद और सेवाओं में रिक्तियां भरने के लिए केंद्रीय सरकार द्वारा समय–समय पर अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग से संबंधित व्यक्तियों के लिए बनाए गए आरक्षण को मानेगा ।

(3) संस्थान के विभिन्न पदों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यार्थियों से वह फीस वसूल करेगा जैसा कि अनुसूची–VII में विनिर्दिष्ट है :

परंतु यह कि उक्त अनुसूची का कोई भी संशोधन केवल शासी निकाय के पूर्व अनुमोदन से राजपत्र में अधिसूचना के प्रकाशन द्वारा किया जाएगा ।

35. परिवीक्षा की अवधि – जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा किसी मामले में अन्यथा विनिश्चित न किया गया हो, सभी कर्मचारियों के लिए परीवीक्षा की अवधि दो वर्ष की होगी, और कर्मचारी को संतोष–प्रद सेवा प्रस्तुत करना आवश्यक होगा, जिसके न हो सकने पर किसी भी समय बिना किसी सूचना या कारण दिए उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं :

परंतु यह कि नियुक्ति प्राधिकारी उन कारणों के लिए जो लेखबद्ध किए जाएं परिवीक्षा की अवधि को बढ़ा सकता है ।

36. ज्येष्ठता – संस्थान में प्रत्येक प्रवर्ग के कर्मचारियों की ज्येष्ठता केंद्रीय सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किए गए अनुदेशों के अनुसार अवधारित की जाएगी ।

37. छुट्टी.–(1) संस्थान के स्थायी और अस्थायी कर्मचारी ऐसी छुट्टी और वेतन छुट्टी के हकदार होंगे जो केंद्रीय सिविल सेवाएं (छुट्टी) नियम, 1972 के अधीन केंद्रीय सरकार के तत्स्थानी प्रवर्ग के सेवकों के लिए लागू है :

परंतु यह कि केंद्रीय सिविल सेवा (छुट्टी) नियम, 1972 के प्रयोजन के लिए निम्नलिखित प्रवर्ग के शिक्षा देने वाले कर्मचारिवृन्द के प्रावकाश विभाग में सेवारत के रूप में माने जाएंगे, अर्थात् :–

(क) ज्येष्ठ आचार्य ;

(ख) आचार्य ;

(ग) अपर आचार्य;

(घ) सह आचार्य;

(ड.) सहायक आचार्य;

(च) आचार्य सह प्राचार्य (नर्सिंग महाविद्यालय) ;

(छ) रीडर या सह आचार्य (नर्सिंग महाविद्यालय) ;

(ज) प्रवक्ता (नर्सिंग महाविद्यालय) ;

(2) किसी उद्देश्य के लिए नियमित प्रावकाश वह होगा जो शासी निकाय द्वारा समय–समय पर विनिश्चित किया जाए :

परंतु यह कि संस्थान के किसी पदधारी का बाह्य सेवा पर प्रतिनियुक्ति छुट्टी नियमों द्वारा शासित होगी जो उनके प्रतिनियुक्ति की शर्तें में अनुबद्ध होगी ।

38. कर्तव्य पर अनुपस्थित – जब तक कि असाधारण परिस्थितियों में अध्यक्ष द्वारा अन्यथा न विनिश्चित किया गया हो, संस्थान का कोई कर्मचारी जो बाह्य सेवा (विदेश) सेवा या निलंबन के कारण से भिन्न छुट्टी या बिना छुट्टी के पाँच वर्ष से अधिक अवधि के लिए निरंतर पद से दूर रहता है उसे संस्थान की सेवा से पद त्याग दिया गया समझा जाएगा :

परंतु यह कि, उपरोक्त उपबंध का आवलंब लेने से पहले कर्मचारी को ऐसी अनुपस्थित रहने के लिए कारण स्पष्ट करने का युक्तियुक्त अवसर दिया जाएगा ।

39. अधिवर्षिता :

(1) शिक्षा देने वाले संकाय सदस्यों से भिन्न संस्थान के कर्मचारियों के लिए अधिवर्षिता साठ वर्ष या जो केंद्रीय सरकार द्वारा समय समय पर यथा विहित की आयु होगी :

परन्तु यह कि मामले पर आधारित चिकित्सा और वैज्ञानिक विशेषज्ञों को उस दशा में जब व्यक्ति अनन्य रूप से प्रतिभाशाली है तो सम्बंधित व्यक्ति की शारीरिक योग्यता और सतत् दक्षता के अध्यधीन रहते हुए उन कारणों के लिए जो लेखबद्ध किये जाएँ बासठ वर्ष की आयु तक सेवा में विस्तार प्रदान किया जा सकेगा।

(2) संस्थान के संकाय सदस्यों की अधिवर्षिता की आयु पैंसठ वर्ष या केंद्रीय सरकार द्वारा समय समय पर यथा विहित आयु होगी।

(3) उपरोक्त विनियम (1) और विनियम (2) में उल्लिखित किसी बात को होते हुए भी यदि, नियुक्ति प्राधिकारी की यह राय है कि ऐसा करना लोक हित में है तो वह संस्थान के किसी कर्मचारी को तीन मास से अन्यून की लिखित सूचना या सूचना के बदले तीन मास के वेतन और भत्ते देकर सेवा–निवृत्त करने का पूर्ण अधिकार रखेगा ;

IndiaCode

(i) यदि वह समूह 'क' या समूह 'ख' सेवा या पद में है और पैंतीस वर्ष की आयु प्राप्त करने से पहले संस्थान की सेवा में प्रविष्ट हुआ है तो पचास वर्ष की आयु प्राप्त करने के पश्चात्; और

(ii) किसी अन्य दशा में पचपन वर्ष की आयु प्राप्त करने के पश्चात् ।

(4) (क) संस्थान का कोई भी कर्मचारी जो समूह 'क' या समूह 'ख' सेवा या पद में है और पैंतीस वर्ष की आयु प्राप्त करने से पहले संस्थान की सेवा में प्रविष्ट हुआ है, नियुक्ति प्राधिकारी को तीन मास से अन्यून की लिखित सूचना दे कर पचास वर्ष की आयु प्राप्त करने के पश्चात् सेवानिवृत्त हो सकेगा।

(ख) अन्य सभी दशाओं में संस्थान के कर्मचारी जो पचपन वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके हैं नियुक्ति प्राधिकारी को तीन मास से अन्यून की लिखित सूचना देकर सेवा निवृत्त हो सकेंगे :

परंतु यह कि, नियुक्ति प्राधिकारी को यह छूट होगी कि निलंबन के अधीन कोई कर्मचारी जो इस उप विनियमन के अधीन सेवा निवृत्ति चाहता है, उसकी अनुमति विधारित करे ।

40. पेंशन और अभिदायी भविष्य निधि.—(1) संस्थान के कर्मचारी जो संस्थान में एक जनवरी, 2004 से पहले विभिन्न पदों पर नियुक्त किए गए थे, सिवाय उनके जो प्रतिनियुक्ति पर या संस्थान से बाह्य किसी सेवा में हैं, केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1972 और साधारण भविष्य निधि (केंद्रीय सेवाएं) नियम, 1960 के अधीन पेंशन और पेंशन संबंधी अन्य फायदे के हकदार होंगे, और ऐसे कर्मचारी ऐसे नियमों से शासित होते रहेंगे ।

(2) संस्थान के कर्मचारी जो एक जनवरी, 2004 को या उसके पश्चात् नियुक्त किए गए हैं, सिवाय उनके जो प्रति नियुक्ति या संस्थान से बाह्य (विदेश) सेवा में हैं, केंद्रीय सरकार के अधीन एक जनवरी, 2004 को या उसके पश्चात् नियुक्त कर्मचारियों के लिए केंद्रीय सरकार के अनुसार संस्थान द्वारा विरचित स्कीम द्वारा शासित होंगे ।

41. आचरण, अनुशासन और शास्तियां.—(1) केंद्रीय सरकार सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1964 संस्थान के कर्मचारियों को लागू होंगे ।

(2) अनुशासनिक मामलों में केंद्रीय सिविल सेवाएं (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम 1965 के सुसंगत उपबंध संस्थान के कर्मचारियों को लागू होंगे :

परंतु यह कि इन विनियमों के प्रयोजनों के लिए —

(i) संस्थान में समूह 'क', समूह 'ख' और समूह 'ग' पद केंद्रीय सिविल सेवाएं के समूह 'क', समूह 'ख' और समूह 'ग' पदों के क्रमशः तत्स्थानी होंगे ;

(ii) संस्थान में विभिन्न पदों के लिए नियुक्ति प्रधिकारी, अनुशासनिक प्राधिकारी और अपीलीय प्राधिकारी वे होंगे जो अनुसूची—VII में विनिर्दिष्ट हैं ;

(iii) संस्थान द्वारा लिए गए केंद्रीय या राज्य सरकार के सेवकों की बाबत, केंद्रीय सिविल सेवाएं (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1965 के नियम 21 के उपबंध लागू होंगे, और संस्थान उक्त नियम के प्रयोजन के लिए यथास्थिति केंद्रीय सरकर या राज्य सरकार के कृत्यों का पालन करेगा ;

(iv) किसी भी मामले में संघ लोक सेवा आयोग या राज्य लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक नही है ।

42. सेवा की अन्य शर्तें.— इन विनियमों में वे विषय जिनके लिए उपबंध किए गए हैं या उपबंध नही किया गया है, की बाबत, केंद्रीय सरकार के सेवकों के साधारण सेवा शर्तें, वेतन भत्ते, जिनके अंतर्गत यात्रा और दैनिक भत्ते भी हैं, छुट्टी वेतन, कार्यग्रहण की अवधि, बाह्य सेवा के निबंधनों के संबंध में यथा लागू नियमों और केंद्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय—समय पर जारी किए गए विनिश्चय संस्थान के कर्मचारियों के लिए लागू होंगे ।

43. पुनर्नियोजित व्यक्तियों के वेतनमान.— संस्थान में नियुक्त किए जाने वाले किसी व्यक्ति का वेतनमान संस्थान या राज्य सरकार या केंद्रीय सरकार या किसी कानूनी या सरकार द्वारा प्रशासित स्थानीय निकाय की सेवा से सेवा निवृत्ति के पश्चात्, केंद्रीय सरकार द्वारा समय—समय पर यथा संशोधित नियमों और आदेशों के अनुसार नियत किया जाएगा ।

44. संस्थान से संबंधित भूमि और भवन.—

(1) संस्थान भूमि और भवनों का अपने प्रयोजन के लिए प्रयोग करेगा और ऐसे प्रयोजनों के लिए उन व्यक्तियों या अधिकारियों द्वारा अधिभोग के लिए उनको आबंटित कर सकेगा जैसे कि शासी निकाय विनिश्चय करे ।

(2) संस्थान के कर्मचारियों को अनुसूची— IX में यथा अधिकथित निवास के आबंटन के हकदार होंगे ।

45. कर्मचारियों के लिए चिकित्सा सुविधाऐं.—संस्थान के कर्मचारियों जिसके अंतर्गत प्रतिनियुक्त व्यक्ति, सेवानिवृत्त कर्मचारियों और उनके परिवारों के आश्रित सदस्य भी हैं निम्हान्स स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत यथा स्वीकृत चिकित्सा सुविधाओं के हकदार होंगे, जो योजना के अंतर्गत यथा अभिप्रेत ऐसे अभिदाय करेंगे, और योजना का विवरण अनुसूची—X में यथा उपबंधित है ।

IndiaCode

परंतु यह कि उक्त अनुसूची का कोई संशोधन केवल शासी निकाय के पूर्व अनुमोदन से राजपत्र में अधिसूचना के प्रकाशन द्वारा किया जाएगा ।

46. संस्थान द्वारा या संस्थान के विरूद्ध कार्यवाहियां.—संस्थान के अध्यक्ष के अनुमोदन के अध्यधीन रहते हुए, संस्थान की शासी निकाय या निदेशक संस्थान की ओर से वाद या प्रार्थना पत्र दाखिल करने या अन्य सिविल या दांडिक कार्यवाहियां प्रारंभ करने और उसको अग्रसर/अभियोजन करने और ऐसे प्रयोजन के लिए वादों; याचिकाओं, अपील या अन्य दस्तावेजों जो उसके लिए आवश्यक हो, हस्ताक्षरित करना, निष्पादन करना या अनुप्रमाणित करना, और उसका स्त्यापन करना, शपथ–पत्र देना और समझौते करना, माध्यस्थम को निर्दिष्ट करना और उन वाद या अन्य कार्यवाहियो में प्रतिरक्षा करना जो संस्थान के विरूद्व दाखिल किए जाएं और मूल या अपीलीय न्यायालय या सिविल, दांडिक या राजस्व न्यायालय के समक्ष या आयकर और सेवाकर प्राधिकारी के समक्ष किसी दावा या प्रतिरक्षा को अग्रसर करना और ऐसे प्रयोजनों के लिए पैनल से अधिवक्ता, अभिवक्ता, सालीसिटर या अभिकर्ता को नियुक्त करना ।

47. शक्तियों का प्रयोग.—इन नियमों में विभिन्न प्राधिकारियों को निहित की गई शक्तियों का प्रयोग वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग के द्वारा समय–समय पर जारी किए गए साधारण अनुदेशों जिसके अंतर्गत कठोर अनुदेश भी है, के अनुसार प्रयोग किया जाएगा, परंतु ऐसे अनुदेशो को उस विभाग के स्वायत्त निकायों को लागू होंगे ।

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका–विज्ञान संस्थान, बंगलौर के निदेशक, शासी निकाय के अध्यक्ष, शासी निकाय की शक्तियां

(विनियम 13, और विनियम 25 देखें)

अनुसूची –1

क्रम सं.	शक्ति की प्रकृति	शक्तियों का विस्तार				टिपण्णी
		निदेशक	शासी निकाय का अध्यक्ष	शासी निकाय	संस्थान	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1.	बजट प्राक्कलनों पर विचार करना और उसका अनुमोदन करना	.....		पूरी शक्ति	...	....
2.	वित्तीय नियमों के अनुसार मंजूर किए गए बजट से निधियों का विनियोग और पुनः विनियोग करने की शक्ति	पूरी शक्ति	.....	.....	.....	शासी निकाय के समक्ष उसकी अगली बैठक में पुनः विनिधान की रिपोर्ट को अनुमोदन के लिए रखा जाएगा
3.	(क) चोरी, कपट आदि के कारण भंडारों या वसूल न की जा सकने वाली लोक रकम की हानियों के मूल्य को अपलिखित करना	हर मामले में एक लाख रूपये तक	हर मामले में दो लाख रूपये तक	पूरी शक्ति	.....	.....
11.	एपिलेप्सी रोगियों की ब्रेन जीवोति परीक्षा (आई एच सी चिन्ह सहित)	2500—00	2500—00	4000—00

ई. इलेक्ट्रान माइक्रोस्कोपी (इ एम लैब)

1. क. प्रति नमूना निर्देश (छात्र शामिल) 2000—00
नमूना तैयार करना – 3 खंडों में, संकाय सदस्य या **वैज्ञा.अधिकारी** 3000—00
अल्ट्रामाइक्रोटॉमी **प्राइवेट कम्पनी** 5000—00
(सेमिथिन + 2–3 ग्रिड्स/ब्लॉक)
स्कबनिंग 1 घंटा और 10 इमेजस)

1. ख. घंटा बाद अथवा उसका खंड/भाग **छात्र** 1000—00
संकाय सदस्य या **वैज्ञा.अधिकारी** 2000—00
प्राइवेट कम्पनी 3000—00

2.क. प्रति नमूना नेगेटीव स्टेनिंग **छात्र** 1000—00
प्रासेसिंग, स्कबनिंग शामिल संकाय सदस्य या **वैज्ञा.अधिकारी** 1500—00
प्रति घंटा और 10 इमेजस **प्राइवेट कम्पनी** 3000—00
(अल्ट्रामाइक्रोटोमी इनवाल नही)

2. ख. घंटा बाद अथवा उसका खंड/ भाग छात्र 1000—00
संकाय सदस्य या **वैज्ञा.अधिकारी** 1500—00
प्राइवेट कम्पनी 3000—00

Indiacode

8. तंत्रिका शारीर क्रिया विज्ञान

1. स्वयम् कार्य	250—00
2. स्वयम् कार्य जांच से टेल्ट टेबल	500—00
3. फूफस कार्य जांच	150—00

9. तंत्रिका वायरालोजी

जापानीस मस्तिष्क ज्वर/डेंगु/चिकुनगुनिया का आई जी एम कैप्चर एलिसा	450—00
एलिसा हर्पस सिम्पलेक्स वाइरस एंटिबॉडीस	450—00
एलिसा मिजल्स वायरस एंटिबिडीस पताकरण	450—00
रेबिस वाइरस एंटिजीन खोजी से इम्यूनोफ्लोरेन्स जांच	500—00
रेबिस वाइरस से न्यूट्रलाइजिंग एंटिबॉडीस	500—00
न्यूट्रालाइजिंग एंटिबॉडीस से कॉक्साकोविम्स	450—00
पीसीआर हर्पस सिम्पलेक्स विम्स (एच एस वी पीसीआर)	450—00

10. मनश्चिकित्सा

हर ई.सी.टी. के लिए	200—00
जाँच और इलाज :	——
क. गहन देखभाल भर्ती (प्रतिदिन)	100—00
ख. पेंटोथॉला साक्षात्कार (प्रति सत्र)	100—00
मनशिचिकित्सा परामर्श (प्रति सत्र)	150—00

परिवार चिकित्सा :—

क. मूल्यांकन	250—00
ख. व्यक्तिगत चिकित्सा (प्रति सत्र)	150—00

दुर्व्यसन निवारण केन्द्र :—

क. पेशाब या एचपीटीएलसी जाँच के लिए एकल दवा	150—00
ख. पेशाब या एचपीटीएलसी जाँच के लिए बहुविध दवा	500—00

11. मनश्चिकित्सा और तंत्रिका रोगी पुनर्वास

पुनर्वास – प्रारंभिक मूल्यांकन
व्यावसायिक प्रशिक्षण और पुनर्वास : देखभाल दिन के अधार पर (दिन देखभाल रोगी, जिनके पोषक/अभिभावक कामकाजी है)

आय	**प्रति माह फीस**
पूरा दर	100—00
50 प्रतिशत श्रेणी	75—00
बीपीएल श्रेणी	25—00

अंतर्रोगियों के लिए कोई अतिरिक्त चिकित्सा कार्यक्रम प्रति सत्र 15 दिन या कम	100—00

1. भौतिक चिकित्सा / व्यायाम :—

क. अंतर्रोगी और बहिरोगी – प्रति सत्र	30—00
ख. अंतर्रोगी और बहिरोगी – इलेक्ट्रो चिकित्सा प्रति सत्र	40—00

2. व्यावसायिक चिकित्सा :

क. अंतर्रोगी और बहिरोगी (मूल्यांकन)	30—00
ख. अंतर्रोगी और बहिरोगी	30—00
(व्यावसायिक चिकित्सा मूल्यांकन)	(प्रति दिन)

3. यूरोडायनामिक :

क. बहु—वाहिनी युरोडायनामिक अध्ययन	1000—00
ख. यूरोफ्लोमेट्री	120—00

IndiaCode

12. मानसिक समाज सेवा

1. घर या पाठशाला या ऐजंसी या फैक्ट्री या कम्पनी से सम्पर्क :	
क) 15 कि.मी. तक	200–00
ख) 15 कि.मी. से बाहर और निगम सीम से दायरे में	300–00
2. रोगी सेवा सहायता :	
क) प्रारंभिक मूल्यांकन	150–00
ख) मूल्यांकन के बाद	100–00
3. समूह चिकित्सक सहायता :	
क) अंतरंग रोगियों के साथ समूह चर्चा :	
i) प्रारंभिक मूल्यांकन	150–00
ii) अनुवर्ति मूल्यांकन	75–00
ख) बहिरंग रोगियों के साथ समूह चर्चा :	
i) प्रारंभिक मूल्यांकन	75–00
ii) अनुवर्ती मूल्यांकन	50–00
ग) परिवार सहायता :	
i) प्रारंभिक मूल्यांकन	150–00
ii) अनुवर्ती मूल्यांकन	100–00

13. वाक और श्रवण

1. जाँच

प्यूरटोन श्रवणमापन (नियमित ए/सी, बी/सी जाँच)	140–00
वाक श्रवणमापन (एसआरटी/एसडीटी/एसपीआईएन)	160–00
मध्य वाक जाँच	200–00
इम्पेडन्स श्रवणमापी	120–00
एबीआर जाँच	180–00
एबीआर ट्रैकिंग श्रवणमापी	220–00
सहज संभाव्य जाँचकरण	250–00
किशोर वाक मूल्यांकन	160–00
किशोर भाषा मूल्यांकन	160–00
बालपन वाक मूल्यांकन	120–00
बालपन भाषा मूल्यांकन	120–00
डिस्फोनिया का मूल्यांकन	100–00
ऑटुकॉस्टिक एमिसन	120–00
डिस्फोनिया मूल्यांकन	100–00
डिस्फोजिया व्यवस्था (5 सत्रो के लिए)	160–00

2. उपचार :–

बच्चों की वाक भाषा चिकित्सा (पांच सत्र)	160–00
किशोर वाक भाषा चिकित्सा (पांच सत्रो के लिए)	260–00

9. आपरेशन की प्रक्रिया और निश्चेतक फीस

1. शल्य चिकित्सा फीस	निश्चेतक	आपरेशन फीस
एन्यूरेस्म शल्य चिकित्सा (क्लिप फीस को छोडकर)	2220–00	7920–00
अर्टेरियल एनाटोमिस्ट–एसटीए–एमसी	1650–00	5500–00
ए वी मल्फरमेशन	2220–00	7920–00
जीवोति परीक्षा बोन/लिवर	80–00	165–00
जीवोति परीक्षा लिम्फ नोड	80–00	275–00

IndiaCode

पेशी या त्वचा या गाँठ जीवोति परीक्षा	80—00	165—00
जीवोति परीक्षा स्नायु	80—00	220—00
बोन फ्लाप निकालना	——	मुफ्त
ब्राकियल प्लेक्सेस शल्य चिकित्सा	1100—00	6600—00
बुर्र छेद	——	550—00
बेर्र—छेदों से क्रॉनिक सब्डयुरल	550—00	4400—00
करोटिड आर्टेरी लैगेशन	——	550—00
करोटिड एंण्डरटेरेक्टोमी	1100—00	4400—00
कार्पल ट्युनल डिकम्प्रेशन	550—00	4400—00
सर्विकल डिकम्प्रेसिव लमिनेक्टोमी	1100—00	4400—00
बिना फूजन की सर्विकल डिस्क शल्य चिकित्सा	1100—00	5500—00
फूजन सहित सर्विकल शल्य चिकित्सा	1650—00	6600—00
क्लोवर्डस प्रक्रिया	1100—00	5500—00
संयुक्त ट्रांसोरल शल्य चिकित्सा और पोस्टेरियर फूजन	2750—00	9350—00
कारपेक्टोमी बिना साधन का	1100—00	6600—00
साधन के बिना कारपेक्टोमी (इम्प्लांट फीस सहित)	1100—00	7700—00
कार्नियल शल्य चिकित्सा से सी एस एफ फिस्तुला (रहिनोरा अथवा ओटोरेहा)	1650—00	5500—00
कार्नेक्टोमी से कार्नियोस्टेनोसिस	1650—00	4400—00
कार्नियोप्लास्टी	1100—00	5500—00
सिर के चोट की कार्नियोक्टोमी	1650—00	6600—00
परेनकेमल गूंगों की कार्नियोक्टोमी	1650—00	6600—00
इलेक्ट्रोकार्टिकोग्राफी सहित इलेक्ट्रोड्स लागत	1100—00	3850—00
एन्सफालोसल	1100—00	2640—00
एण्डोस्कोपिक शल्य चिकित्सा	550—00	6600—00
एण्डोस्कोपिक वेंट्रिकुलोस्टोमी (तीन महिने के अंदर वेंट्रिकुलोस्टोमी असफल पर पुनः फीस नही)	550—00	3300—00
एण्डोस्कोपिक तीसरी वेंट्रिकुलोस्टोमी (तीसरी वेंट्रिकुलोस्टोमी या शंट की पुनरीक्षण फीस नही (फिर भी शंट नलिका फीस अतिरिक्त होती है)	550—00	2200—00
अपस्मार शल्य चिकित्सा – टेम्पोरल लोबोक्टोमी	1650—00	6600—00
अपस्मार शल्य चिकित्सा एक्स्ट्राटेम्पोरल रिसेक्शन और अन्य अप्स्मार शल्य चिकित्सा कराने के लिए (ग्रीड इलेक्ट्रोड भी शामिल)	2200—00	7700—00
वेंट्रिकुलर ड्रेनेज/लम्बर ड्रेनिज विस्तार (ड्रेनिज नलि भी शामिल)	——	1100—00
फोरमेन मग्नम डिकम्प्रेशन और ड्राप्लेट्स	1650—00	4400—00
प्रकार्यात्मक न्यूरो सर्जरी (सीटी/एम आर आई फीस शामिल हैं)	1650—00	5500—00
कॉक्स स्पाइन – एन्टेरोलेटरल एप्रोच	1650—00	6600—00
लैमिनिक्टोमी डिस्क – लम्बर डिस्क एक्सिशन	1100—00	5500—00
लैमिनोप्लास्टी	1100—00	5500—00
लम्बर डिकम्प्रिशन लैमिनोक्टोमी	1100—00	4400—00
माइलोमेनिनजियोकॉक्सल रिपियर	1100—00	2200—00
अर्बिटोमी से अर्बिटल गाँठ	1650—00	4400—00
स्नायु ग्राफ्ट कि परधीय स्नायु शल्य चिकित्सा	1100—00	6600—00
बेना स्नायु ग्राफ्ट के परधीय स्नायु शल्य चिकित्सा	1100—00	5500—00
पी ओ पी प्लास्टर/ सामान्य	——	550—00
पोस्टेरियर फोसा कार्नेक्टोमी/सबऑस्पिटल कार्नियोटोमी से परेनकेमल ट्यूमर	1650—00	6600—00
आर एफ लिजन से ट्रिग्मनल न्यूरॉजिया	——	1650—00
रहिजीटॉमी	——	4400—00
स्क्लाप और स्कल ट्यूमर एक्सिशन	1100—00	5500—00
शन्ट पुनरीक्षण तीन महीने बाद (यदि यह तीन महीने के भीतर हो, तो फीस नही)	550—00	1320—00
शन्ट शल्य चिकित्सा (शन्ट नलि शामिल)	550—00	2640—00
स्कल बेस शल्य चिकित्सा और एक्स्ट्रा ट्यूमर (बसल मेनिंजियोमा, अकोस्टिक और अन्य सीपी एंगल ट्यूमर आदि)	2200—00	7920—00

IndiaCode

स्पाइनल फूजन (इम्प्लांट की लागत शामिल)	2200–00	5500–00
स्टेरियोटाक्सिक / सीटी गाइडेड शल्य चिकित्सा (सीटी फीस शामिल)	1650–00	6600–00
स्टेरियोटाक्सिक जीवोति परीक्षा (सीटी फीस शामिले)	––	3300–00
डिप्रेस्ड फ्राक्चर शल्य चिकित्सा	1100–00	3300–00
स्पाइनल एक्स्ट्रामेडुलरी ट्यूमर शल्य चिकित्सा	1650–00	6600–00
स्पाइनल इंट्रामेडुलरी ट्यूमर शल्य चिकित्सा	2200–00	9900–00
टिथर्ड कार्ड शल्य चिकित्सा	1100–00	4400–00
सैरंजियोपेरिटोनेल शन्ट के साथ शन्ट ट्यूब	550–00	2200–00
थिकॉपरटोनेल शन्ट के साथ शन्ट ट्यूब	550–00	2200–00
ट्रकेस्टोमी	––	1100–00
ऑर्बिटल ट्यूमर को ट्रांस कार्नेल एप्रोच	1650–00	6600–00
ट्रांसोरल एप्रोच से सी वी जे क्षतियाँ (ट्रांसोरल एप्रोच ए ए डी)	1650–00	6600–00
ट्रांसफेनोइडल शल्य चिकित्सा	1100–00	6600–00
स्कल वाल्ट ट्यूमर्स	550–00	5500–00
घाव रण–पोषक	275–00	1650–00
डीप ब्रेन स्टीमूलेशन	2500–00	15000–00

II. इम्प्लांटस / प्रतिस्थापना :–

एन्युरेजम क्लिप्स रेगुलर	8000–00
एन्युरेजम क्लिप्स फिनिस्ट्राटेड	9500–00
4 – कॉटैक्ट सबडयुरल स्ट्रीप इनवासिव ई ई जी	वास्तविक लागत के अनुसार
6 – कॉटैक्ट सबडयुरल स्ट्रीप इनवासिव ई ई जी	
8 – कॉटैक्ट सबडयुरल स्ट्रीप इनवासिव ई ई जी	
32 – कॉटैक्ट सबडयुरल स्ट्रीप इनवासिव ई ई जी	
कैस्पर प्लेट – चार्ज से (स्टेंलेस स्टील) एक प्लेट	
स्क्रीव – कब्स्पर प्लेट से (स्टेनलेस स्टील) एक स्क्रीव से	
स्टील रॉड से लम्बर फिक्सेशन	
स्टीफप्लेट 3 स्तर स्टेनलेस स्टील	
स्टीफप्लेट 4 स्तर स्टेनलेस स्टील	
स्क्रीव स्टेफी प्लेट तय – एक स्क्रीव	
लम्बर ड्रेनेज सिस्टम	
स्टेफप्लेट	
थीकोल परिटोनेयल शन्ट सिस्टम	
वेंट्रिकुलर ड्रेनेज सिस्टम	
वीपी शन्ट सिस्टम	

III. गामा नाइफ रेडियो शल्य चिकित्सा 100000–00 *

*(50000=00 रू.बीपीएल रोगियों को)

X. निम्हान्स तंदरुस्तीकरण केंद्र

सेवा	फीस (रू.)
मनोरोग सलाह सम्पर्क	20 रू. एक बार फीस
वैवाहिक समृद्ध सेवा	100 रू. प्रति सत्र
दुर्व्यसन निवारण सेवा	20 रू. एक बार फीस
परिवार समद्ध कार्यक्रम	100 रू. प्रति सत्र
बल प्रबन्ध और जीवन शैली क्लिनिक	100 रू. प्रति सत्र
सकरात्मक मानसिक स्वास्थ्य	100 रू. प्रति सत्र
किशोर तनाव प्रबन्ध, अभिभावक और व्यावसायिक मानसिक स्वास्थ्य	100 रू. प्रति सत्र
मनोविज्ञान नैदानिक केंद्र	100 रू. प्रति सत्र

- सेवा चाहने वाले व्यक्ति को एक बार पंजीकरण फीस 20 रू. देना होगा।
- बीपीएल कार्ड धारकों को मुफ्त सेवा दी जाती है।

IndiaCode

परिशिष्ट– V

समूह क, समूह ख, और समूह ग पद के वेतनमान
(विनियम 33 देखें)

क्रम संख्यक	पद का नाम	वेतन बैंड	शैक्षिक ग्रेड वेतन/ ग्रेड वेतन	टिप्पणी
	समूह 'क' (संकाय)			
1.	निदेशक	80000(स्थिर)	नही	+ एनपीए नॉन प्राक्टीसिंग भत्ता चिकित्सा कार्मिकों के लिए
2.	ज्येष्ठ प्राचार्य	67000—79000	नही	
3.	प्राचार्य	37400—67000	10500	
4.	अपर आचार्य	37400—67000	9500	
5.	सह आचार्य	37400—67000	9000	
6.	सहायक आचार्य	15600—39100	8000	
	समूह 'क' (अन्य)			
7.	चिकित्सा अधीक्षक	37400—67000	10000	+ एनपीए
8.	प्रधान पुस्तकालय अध्यक्ष और सूचना अधिकारी	37400—67000	10000	
9.	वित्तीय सलाहकार और मुख्य लेखा अधिकारी (प्रतिनियुक्ति)	37400—67000	8700	
10.	आचार्य सह प्राचार्य (नर्सिंग कॉलेज)	15600—39100	7600	
11.	रजिस्ट्रार (प्रतिनियुक्ति)	15600—39100	7600	
12.	रेजीडेंट चिकित्सा अधिकारी	15600—39100	7600	+ एनपीए
13.	प्रशासनिक अधिकारी	15600—39100	6600	
14.	जीव चिकित्सा इंजीनियर	15600—39100	6600	
15.	नैदानिक पैथालोजिस्ट (विशेषज्ञ श्रेणी)	15600—39100	6600	+ एनपीए
16.	उप वित्तीय सलाहकार और मुख्य लेखा अधिकारी (प्रतिनियुक्ति)	15600—39100	6600	
17.	मुख्य निजी सचिव, निदेशक	15600—39100	6600	
18.	मनशिचिकित्सक (विशेषज्ञ श्रेणी)	15600—39100	6600	+ एनपीए
19.	रीडर या सह आचार्य (नर्सिंग कॉलेज)	15600—39100	6600	
20.	ज्येष्ठ पुस्तकालय अध्यक्ष	15600—39100	6600	
21.	ज्येष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी	15600—39100	6600	
22.	लेखा अधिकारी	15600—39100	5400	
23.	सहायक संपादक	15600—39100	5400	
24.	सहायक कार्यपालक या अभियंता (प्रतिनियुक्ति)	15600—39100	5400	
25.	सहायक शल्य चिकित्सक (प्रतिनियुक्ति)	15600—39100	5400	+ एनपीए
26.	कम्प्यूटर प्रोग्रामर	15600—39100	5400	
27.	डाटा बेस प्रशासक और साफ्ट्वेयर इंजीनियर	15600—39100	5400	
28.	जनरल ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी	15600—39100	5400	+ एनपीए
29.	हार्डवेर और नेटवर्क इंजीनियर	15600—39100	5400	
30.	हिन्दी अधिकारी (सहायक निदेशक (रा. भा.)	15600—39100	5400	
31.	प्राचार्य (नर्सिंग कॉलेज)	15600—39100	5400	
32.	प्रबन्धक या पर्यवेक्षक (कंप्यूटर/डाटा सेंटर प्रचालन)	15600—39100	5400	
33.	चिकित्सा भौतिकीविद	15600—39100	5400	
34.	नर्सिंग अनुशिक्षक	15600—39100	5400	

IndiaCode

35.	ज्येष्ट चिकित्सा अभिलेख अधिकारी	15600–39100	5400	
36.	ज्येष्ठ व्यावसायिक चिकित्सक	15600–39100	5400	
37.	ज्येष्ठ शारीरिक चिकित्सक	15600–39100	5400	
38.	ज्येष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी	15600–39100	5400	+ एनपीए
39.	विशेष अधिकारी (मूल्यांकन)	15600–39100	5400	
	समूह 'ख'			
40.	नैदानिक अनुदेशक	9300–34800	4800	
41.	ज्येष्ठ निजि सचिव	9300–34800	4800	
42.	वार्ड पर्यवेक्षक	9300–34800	4800	
43.	सहायक लेखा अधिकारी	9300–34800	4600	
44.	सहायक अभियंता (प्रतिनियुक्ति)	9300–34800	4600	
45.	सहायक अभियंता (इलेक्ट्रिकल)	9300–34800	4600	
46.	सहायक प्रशासनिक अधिकारी	9300–34800	4600	
47.	हिन्दी अनुवादक	9300–34800	4600	
48.	कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (विकिरण सुरक्षा अधिकारी)	9300–34800	4600	
49.	पुस्तकालय अध्यक्ष	9300–34800	4600	
50.	कंप्यूटर प्रोग्रामर	9300–34800	4600	
51.	चिकित्सा अभिलेखा अधिकारी	9300–34800	4600	
52.	निजि सचिव	9300–34800	4600	
53.	ज्येष्ठ हिन्दी अनुवादक	9300–34800	4600	
54.	स्टाफ नर्स	9300–34800	4600	
55.	लेखाकार	9300–34800	4200	
56.	सहायक आहारविद	9300–34800	4200	
57.	सहायक जन सम्पर्क अधिकारी	9300–34800	4200	
58.	सहायक उद्यान – कृषि अधिकारी	9300–34800	4200	
59.	मुख्य फर्मासिस्ट	9300–34800	4200	
60.	मुख्य तकनीशियन	9300–34800	4200	
61.	कम्प्यूटर प्रोग्रामर	9300–34800	4200	
62.	डाटा सेंटर ऑपरेटर	9300–34800	4200	
63.	डाटा एंट्री ऑपरेटर	9300–34800	4200	
64.	ड्राफ्टमैन	9300–34800	4200	
65.	ड्राईवर (विशेष श्रेणी)	9300–34800	4200	
66.	ई.ई.जी तकनिशियन	9300–34800	4200	
67.	इलेक्ट्रानिक सहायक	9300–34800	4200	
68.	इलेक्ट्रो नैदानिक सहायक (स्नायुविज्ञान)	9300–34800	4200	
69.	मूल्यांकन सहायक	9300–34800	4200	
70.	कनिष्ठ चिकित्सा अभिलेख अधिकारी	9300–34800	4200	
71.	कनिष्ठ अभियंता (सिविल) (प्रतिनियुक्ति पद के साथ)	9300–34800	4200	
72.	कनिष्ठ अभियंता (इलेक्ट्रिकल)	9300–34800	4200	
73.	कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक	9300–34800	4200	
74.	पुस्तकालय सहायक	9300–34800	4200	
75.	प्रबन्धक	9300–34800	4200	
76.	व्यावसायिक चिकित्सक	9300–34800	4200	
77.	ओ.टी. तकनिशियन	9300–34800	4200	
78.	ऑर्थोटिक तकनिशियन	9300–34800	4200	
79.	फर्मासिस्ट(अकृत्यिक श्रेणी)	9300–34800	4200	
80.	भौतिक चिकित्सक	9300–34800	4200	
81.	प्रूफ शोधक	9300–34800	4200	
82.	अनुसंधान सहायक	9300–34800	4200	
83.	वैज्ञानिक सहायक	9300–34800	4200	

MadeCode

84.	ज्येष्ठ इलेक्ट्रीशियन	9300—34800	4200	
85.	ज्येष्ठ निश्चेतक	9300—34800	4200	
86.	ज्येष्ठ स्नायु निश्चेतक तकनिशियन	9300—34800	4200	
87.	ज्येष्ठ रेडियोग्राफर	9300—34800	4200	
88.	ज्येष्ठ तकनिशियन	9300—34800	4200	
89.	वाणी चिकित्सक	9300—34800	4200	
90.	ज्येष्ठ ओ.टी. तकनिशियन	9300—34800	4200	
91.	ज्येष्ठ फोटोग्राफर	9300—34800	4600	
92.	ज्येष्ठ वैज्ञानिक सहायक	9300—34800	4200	
93.	आशुलिपिक श्रेणी— 1	9300—34800	4200	
94.	पर्यवेक्षक रेडियोग्राफर	9300—34800	4200	
95.	अध्यापक एम आर चिल्ड्रन के लिए	9300—34800	4200	
	समूह ग'			
96.	कलाकार	5200—20200	2800	
97.	ड्राईवर (श्रेणी—I)	5200—20200	2800	
98.	अनुदेशक	5200—20200	2800	
99.	कनिष्ठ तकनिशियन	5200—20200	2800	
100.	महिला पर्यवेक्षक	5200—20200	2800	
101.	धोबी—खाना पर्यवेक्षक	5200—20200	2800	
102	विधि सहायक	5200—20200	2800	
103.	स्नायु निश्चेतक तकनिशियन	5200—20200	2800	
104.	फार्मासिस्ट	5200—20200	2800	
105.	फोटोग्राफर	5200—20200	2800	
106.	रेडियोग्राफर	5200—20200	2800	
107.	सामाजिक कार्यकर्ता	5200—20200	2800	
108.	यूरोडायनामिक लैब तकनिशियन	5200—20200	2800	
109.	योगा टीचर	5200—20200	2800	
110.	सहायक अनुदेशक	5200—20200	2400	
111.	बॉयलर ऑपरेटर	5200—20200	2400	
112.	ड्राईवर (श्रेणी—II)	5200—20200	2400	
113.	इलेक्ट्रीशियन	5200—20200	2400	
114.	चिकित्सा अभिलेख तकनिशियन	5200—20200	2400	
115.	शवागार तकनिशियन	5200—20200	2400	
116.	जन संपर्क सहायक	5200—20200	2400	
117.	आशुलिपिक श्रेणी—II	5200—20200	2400	
118.	टेलिफोन तकनिशियन	5200—20200	2400	
119.	उच्च श्रेणी लिपिक	5200—20200	2400	
120.	बेकर	5200—20200	1900	
121.	बड़ई	5200—20200	1900	
122.	कॉम्पोसिटर	5200—20200	1900	
123.	ड्राईवर (साधरण श्रेणी)	5200—20200	1900	
124.	उपकरण मेकानिक	5200—20200	1900	
125.	अवर श्रेणी लिपिक	5200—20200	1900	
126.	शवागार सहायक	5200—20200	1900	
127.	कुम्हार	5200—20200	1900	
128.	मुद्रक	5200—20200	1900	
129.	शीट मेटल वर्कर	5200—20200	1900	
130.	सोफा मेकिंग तकनिशियन	5200—20200	1900	
131.	दर्जी	5200—20200	1900	
132.	बुनकर	5200—20200	1900	
133.	फोटो कापी मशीन ऑपरेटर	5200—20200	1900	
134.	अस्पताल/कार्यालय सहायक	5200—20200	1800	

अनुसूची –VI

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान, बंगलोर में विभिन्न पदों के लिए भर्ती की पद्धति, आयुसीमा शैक्षिक अर्हता, प्रोन्नति योजना आदि कि पद्धति (विनियम 34 का उप विनियम (1) देखें)

1. निदेशक : निदेशक के पद पर नियुक्ति के पदावधि पर आधारित पांच वर्ष की अवधि जो उस तारीख से जिस को कार्यालय में प्रवेश करता है या पैंसठ वर्ष की आयु प्राप्त कर लेता है, जो पूर्वतर हो के लिए होगी। पद के लिए शैक्षणिक अर्हताएं, आयु सीमा वह होगी जो इस अनुसूची के उपाबंध में उपदर्शित है।

2. संकाय पद : सहायक अचार्य और आचार्य के काडरों के लिए सीधी भर्ती की जाएगी । सह आचार्य और अपर आचार्य के स्तर पर भी सीधी भर्ती की जा सकती है । पदों के लिए अर्हता, अनुभव आदि वह हैं जो इस अनुसूची के अनुबंध –II में उपदर्शित है । संस्थान में संकाय का कैरियर संवर्धन इस अनुसूची के उपाबंध III में यथा विवरणित प्रोन्नति निर्धारण स्कीम के अनुसार होगा ।

3. भर्ती नियम : संस्थान में समूह 'क', समूह 'ख' और समूह 'ग' पदों पर नियुक्ति के लिए भर्ती की पद्धति, शैक्षिक अर्हताएं, अनुभव और अन्य ब्योरे वह होंगे जो उस पद के भर्ती नियम और काडर में विहित हैं ।

4. प्रोन्नति स्कीम (गैर संकाय सदस्य) – इस संस्थान के समूह 'क' (गैर संकाय सदस्य), समूह 'ख' और समूह 'ग' कर्मचारियों के बारे में विभिन्न कैरियर उन्नति स्कीम निम्न रूप में उपदर्शित हैं ।

(i) साधारण डयूटी चिकित्सा अधिकारी और विशेषज्ञ श्रेणी चिकित्सा अधिकारी :

केन्द्रीय सरकार के चिकित्सा अधिकारियों के लिए गतिशील सुनिश्चित कैरियर उन्नयन प्रगति स्कीम (डीएसीपी) का विस्तार संस्थान के साधारण ड्यूटी चिकित्सा अधिकारियों और विशेषज्ञ श्रेणी चिकित्सा अधिकारियों के लिए किया गया है । इस स्कीम के अंतर्गत चिकित्सा अधिकारीयों को ज्येष्ठ प्रशासनिक श्रेणी में (एस.ए.जी.) ग्रेड वेतन दस हज़ार रुपये तक इस अनुसूची के उपाबंध तीन में यथा विवरणित विनिर्दिष्ट सेवा वर्ष पूरा करने पर वित्तीय उन्नयन प्रदान किया जायेगा

(ii) गैर चिकित्सा वैज्ञानिक और तकनीकी अधिकारी :

इस संस्थान के गैर चिकित्सा समूह 'क' वैज्ञानिक और तकनीकी अधिकारियों को स्वास्थ्य विभाग (समूह 'क' राजपत्रित गैर चिकित्सा वैज्ञानिक और तकनीकी पदों) तदानुसार स्वस्थानी नियम, 1990 के अधीन स्वस्थानी प्रोन्नति प्रदान किया गया है ।

(iii) समूह 'क' अन्य, समूह 'ख' और समूह 'ग' अधिकारी :

इस संस्थान के समूह 'क' (जो उपरोक्त वर्णित करियर उन्नयन स्कीमों के आधीन नहीं आते है), समूह 'ख', और समूह 'ग' कर्मचारियों को समय–बद्ध प्रोन्नति स्कीम के अंतर्गत विहीत उन्नयन प्रदान किया गया है । स्कीम के ब्यौरे वह हैं जो इस अनुसूची के उपाबंध तीन में उपदर्शित हैं ।

परिशिष्ट – I

निदेशक, निम्हान्स, बंगलोर के पद के लिए शैक्षिक अर्हता, और आयु

पद का नाम	निदेशक
वेतनमान	रू. 80,000 (स्थिर)+एनपीए
आयु	साठ साल से अनधिक । (सरकारी सेवकों या सेवा निवृत सरकारी सेवकों या राज्य या केंद्रीय सरकार के स्वायत् या कानूनी संस्थाओं के सेवारत या सेवा निवृत व्यक्तियों या असाधारण अर्हता वाले अभ्यर्थियों के लिए शिथिलनीय) ।
अर्हता	(क) काय चिकित्सा या शल्य चिकित्सा या जनस्वास्थ्य और उसकी विद्या शाखाओं में उच्च स्नातकोत्तर शैक्षिक अर्हता ।

(ख) व्यवसाय में पच्चीस वर्ष का अनुभव हो जिसमें विशिष्ट विषय में और/या मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान और/या सहबद्ध विशेषज्ञता में 10 वर्ष का अनुसंधान में अनुभव भी हो ।

(ग) चिकित्सा उपचार, चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक व्यवहारिक और प्रशासनिक अनुभव हो।

(घ) महत्वपूर्ण वैज्ञानिक शैक्षिक संस्था को चलाने में या तो संस्थान प्रमुख या विभाग अध्यक्ष के रूप में पर्याप्त अनुभव हो ।

सेवा की अवधि — निदेशक कि नियुक्ति एकल सेवा अवधि की होगी, जो उस तारीख से जिसको उसने कार्यालय में कार्य ग्रहण किया है पाँच वर्ष अवधि तक या पैंसठ साल की उम्र प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो होगी । नियुक्त व्यक्ति पद पर पुनर्नियुक्त नही किया जा सकता हैं ।

टिप्पण : निदेशक का सरकारी आवास कार्यालय परिसर में ही होगा ।

परिशिष्ट- II

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान, बंगलोर संकाय (चिकित्सा और गैर चिकित्सा) पदों पर नियुक्ति करने के लिए अपेक्षित शैक्षिक अर्हता और अनुभव

क्रमांक	पद का नाम और वेतनमान	शैक्षिक अर्हता और अनुभव
1	**सहायक आचार्य** वेतन बैंड – 3 (15600–39100 रू.) में तीन वर्ष के पश्चात् न्यूनतम वेतन 30000 रू. और शैक्षिक ग्रेड वेतन श्रेणी 8000 रू. वेतन बैंड –4 (37400–67000 रू). में शैक्षिक ग्रेड वेतन श्रेणी के साथ 8700 रू. (+ एनपीए चिकित्सा कार्मिकों के लिए)	**चिकित्सा** (i) अपनी विद्या शाखा में एम.बी.बी.एस के साथ एम.डी. या एम.एस. या डी.एम. या एम.सीएच. या समतुल्य स्नातकोत्तर/ शैक्षिक अर्हता हो ; और (ii) एम.डी. या एम.स. अर्हक डिग्री प्राप्त करने के पश्चात् विशेषज्ञता के विषय मे किसी मान्यता प्राप्त संस्थान में अध्यापन और / या अनुसंधान का तीन वर्ष का अनुभव हो ; या **गैर चिकित्सा** (i) एम.एससी. या एम.एस. या एम.एस. डब्ल्यू. के साथ पीएच.डी. या डी. एससी. (ii) डॉक्टरेट के डिग्री प्राप्त करने के पश्चात् संबंधित विद्या शाखा या विषय में अध्यापन और/या अनुसंधान का तीन वर्ष का अनुभव हो।
2	**सह आचार्य** वेतन बैंड–4 (37400–67000 रू.) में न्यूनतम वेतन 42800 रू. और शैक्षिक ग्रेड वेतन 9000 रू. (+ एनपीए चिकित्सा कार्मिकों के लिए)	**चिकित्सा** (i) एम.बी.बी.एस के साथ एम.डी. या एम.एस. या डी.एम. या एम.सी.एच या समतुल्य के अपनी संबंधित विद्या शाखा में स्नातकोत्तर अर्हता हो ; (ii) एम.डी. या एम.एस अर्हता डिग्री प्राप्त करने के पश्चात् विशेषज्ञता के विषय में किसी मान्यता प्राप्त संस्थान में अध्यापन और / या अनुसंधान का छह वर्ष का अनुभव हो ; या

IndiaCode

		(iii) डी.एम. या एम.सी.एच या उसके समतूल्य शैक्षिक अर्हता अपनी विद्या शाखा में प्राप्त करने पर तीन वर्ष का अनुभव हो । **गैर चिकित्सा** (i) एम.एससी. या एम.एस. या एम.एस. डब्ल्यू. के साथ पीएच.डी. या डी. एससी.। (ii) डॉक्टरेट के डिग्री प्राप्त करने के पश्चात् विषय/क्षेत्र में तीन वर्ष का अध्यापन और या अनुसंधान का अनुभव हो।
3	**अपर आचार्य** वेतन बैंड–4 (37400–67000 रू) में न्यूनतम वेतन 46000 रू. और शैक्षिक ग्रेड वेतन 9500 रू. (+एनपीए चिकित्सा कार्मिकों के लिए)।	**चिकित्सा** (i) अपनी विद्या शाखा में एम.बी.बी.एस के साथ एम.डी. या एम.एस. या डी.एम. या एम.सीएच. समतुल्य स्नातकोत्तर शैक्षणिक अर्हता हो। (ii) एम.डी. या एम.एस. की अर्हता डिग्री प्राप्त करने के पश्चात विशेषज्ञता के विषय में किसी मान्यता प्राप्त संस्थान में अध्यापन और / या अनुसंधान का नौ वर्ष का अनुभव हो ; या (iii) अपनी विद्या शाखा में डी.एम. या एम.सीएच. या उसके समतुल्य अर्हता प्राप्त करने के पश्चात् छह वर्ष का अनुभव हो । **गैर चिकित्सा** (i) एम.एससी. या एम.एस. या एम.एस. डब्ल्यू. के साथ पीएच.डी. या डी. एससी. (ii) डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त करने के पश्चात् संबंधित विद्या शाखा या विषय में अध्यापन और/ या अनुसंधान का नौ वर्ष का अनुभव हो ।
4	**आचार्य** वेतन बैड़–4 (37400–67000 रू) 51600 रू. न्यूनतम वेतन और शैक्षिक ग्रेड वेतन 10500 रू. (+ एनपीए चिकित्सा कार्मिकों के लिए)।	**चिकित्सा** (i) अपने विद्या शाखा में एम.बी.बी.एस के साथ एम.डी. या एम.एस. या डी.एम. या एम.सीएच. समतुल्य के स्नातकोत्तर शैक्षिक अर्हता हो। (ii) एम.डी. या एम.एस. की अर्हता डिग्री प्राप्त करने के पश्चात विशेषज्ञता के विषय मे किसी मान्यता प्राप्त संस्थान मे अध्यापन और/या अनुसंधान का तेरह वर्ष का अनुभव हो ; या (iii) डी.एम. या एम.सीएच या उसके समतुल्य अर्हता प्राप्त करने के पश्चात् दस वर्ष का अनुभव हो। **गैर चिकित्सा** एम.एससी. या एम.एस. या एम.एस.

IndiaCode

		डब्ल्यू. के साथ पीएच.डी.या डी.एससी. (ii) डॉक्टरेट की डीग्री प्राप्त करने के पचात् संबंधित विद्या शाखा या विषय में तेरह वर्ष का अनुभव हो।
5	**ज्येष्ठ आचार्य** (67000—79000 रू.) + (एनपीए चिकित्सा कार्मिकों के लिए)।	**चिकित्सा** (i) अपनी विद्या शाखा में एम.बी.बी.एस के साथ एम.डी. या एम.एस. या एम. सीएच. या समतुल्य के स्नातकोत्तर शैक्षिक अर्हता हो। (ii) एम.डी./एम.एस. की शैक्षणिक अर्हता डिग्री प्राप्त करने पर विशेषज्ञता विषय में मान्यता प्राप्त संस्थान में अध्यापन और/या अनुसंधान का तेरह वर्ष का अनभुव हो ; या (iii) डी.एम. या एम.सीएच या उसके समतुल्य अर्हता प्राप्त करने के पश्चात् दस वर्ष का अनुभव हो। **गैर चिकित्सा** (i) एम.एससी. या एम.एस. या एम.एस. डब्ल्यू. के साथ पीएच.डी या डी.एससी. ; (ii) डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त करने के पश्चात संबंधित विद्या शाखा या विषय में अध्यापन और/ या अनुसंधान का तेरह वर्ष का अनुभव हो । 40 प्रतिशत प्रोफेसर के पद उच्च प्रशासनिक ग्रेड वेतन में प्रचालित होंगें। ग्रेड में प्रोन्नति विहित चयन प्रक्रिया पूरी करने के अध्यधीन होगी ।

परिशिष्ट—III

प्रोन्नति स्कीम

क) संकाय प्रोन्नति निर्धारण स्कीम

1. पुरस्थापना : संस्थान में सहायक आचार्य से सह आचार्य और सह आचार्य से अपर आचार्य के लिए 18 जुलाई, 1992 से और अपर आचार्य से आचार्य के लिए 10 जुलाई, 2000 से प्रोन्नति निर्धारण स्कीम (ए.पी.एस) पुनः स्थापित किया गया है ।

छठे केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिश पर केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों के लिए पुनरीक्षित वेतनमान के प्रस्ताव के परिणामस्वरूप स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने एफ.एन.V—16020/57/2008 — एम.ई—1, तारीख 12 जनवरी, 2010 के अपने पत्रांक में स्वायत्त चिकित्सा शिक्षा संस्थाओं के संकाय के वेतनमान को पुनरीक्षित किया। संबंधित संस्था निकायों को इस पुनरीक्षण के भाग के रूप में संकाय सदस्य के लिए उपयुक्त कार्य मानदंड का विनिश्चय एक वर्ष के भीतर किया जाना अपेक्षित था । तदनुसार, संकाय प्रोन्नति निर्धारण स्कीम के अंतर्गत प्रोन्नति के लिए मार्गदर्शी सिद्धांत निदेशक द्वारा इस प्रयोजन के लिए गठित समिति की सिफारिशों पर आधारित उपांतरण किए गए थे । स्कीम के अंतर्गत प्रोन्नति के लिए मार्गदर्शी सिद्धांत जो नीचे उपदर्शित है जिन्हें 01 जुलाई, 2010 से संस्थान में लागू किया गया हैं । स्कीम के अंतर्गत प्रोन्नति के लिए मानदंड निम्न रूप में हैं —

(i) सहायक आचार्य जिनका तीन वर्ष का अनुभव है सह आचार्य के रूप में प्रोन्नति के लिए पात्र होंगें ।

IndiaCode

(ii) सह आचार्य जिनका तीन वर्ष का अनुभव है अपर आचार्य के रूप में प्रोन्नति के लिए पात्र होंगें ।
(iii) अपर आचार्य जिनका चार वर्ष का अनुभव है आचार्य पद पर में प्रोन्नति के लिए पात्र होंगें।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कार्यालय ज्ञापन फाईल सं.वी–16020/57/2008– एम. ई–1(पी टी), तारीख 15 मई, 2013 के अनुसार विहित कार्य मानदंड के अनुसार उपांतरित किए गए है जिनके ब्यौरे निम्न हैं –

2. मार्गदर्शक सिद्धान्त : उपरोक्त निर्दिष्ट कार्य के मानकों को निर्धारित करने के प्रयोजन के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के पत्रांक वी–16020/57/2008 – एम.ई–1 तारीख 23 जुलाई, 2010 को डॉ. स्नेह भार्गव, निदेशक, एम्स, नई दिल्ली की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया था । इस समिति ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को 29 अक्टूबर, 2011 को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी । यह रिपोर्ट समिति ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के अधीन सभी चिकित्सा शिक्षा संस्थानों को, परिचालित किया था। सचिव (स्वास्थ्य और परिवार कल्याण) द्वारा 22 जून, 2012 को बैठक में स्वायत्त संस्थानों के प्रमुखों के साथ सहमति लेकर अतिरिक्त परामर्श किया गया था । तत्पश्चात् व्यापक रूप से तय विषयों पर आधारित एक प्रारूप कार्यालय ज्ञापन इस विभाग के अधीन सभी स्वायत्त चिकित्सा शिक्षा संस्थाओं के प्रमुखों को पत्रांक संख्यक तारीख 21/25 सितंबर, 2012 द्वारा उनकी और टिप्पणी प्राप्त करने के लिए परिचालित किए गए थे।

3. स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग ने डॉ. स्नेह भार्गव समिति की सिफारिशों पर आधारित संस्थानों के साथ किए गए परामर्श के पश्चात् उक्त विभाग के अधीन स्वायत्त चिकित्सा शिक्षा के संस्थानों के संभाग सदस्य के लिए मानदंड की बाबत मार्गदर्शी सिद्धांतों की विरचना की थी ।

4. संकाय कृत्य और समय का आबंटन :

(1) चिकित्सा संस्थानों के संकाय सदस्य से निदेश के अधीन प्रत्याशित है कि वे निम्न के लिए समय निरत करेगें ।
(i) अध्यापन औऱ प्रशिक्षण
(ii) अनुसंधान
(iii) सेवा प्रदाय व रोगी देखभाल
(iV) कारपोरेट क्रियाकलाप

2) इन कृत्यों में संकाय सदस्य के समय की नियुक्ति एक विभाग से दूसरे विभाग में परिवर्तन होगा । अतः, चिकित्सा विभागों को तीन विस्तृत समूह जैसे, बेसिक विज्ञान विभाग, गैरचिकित्सा सेवा विभाग और स्वास्थय सेवा प्रदाता या परा नैदानिक विभाग में संकाय सदस्य के क्रियाकलाप के लिए समय की नियुक्ति निम्नानुसार प्रत्याशित है ।

बेसिक विज्ञान विभाग	एनाटोमी, शरीर क्रिया विज्ञान और भेषज गुण विज्ञान, जैव भौतिकी, जैव रसायन, जैव प्रौद्योगिकी और एनएमआर
अध्यापन और प्रशिक्षण	45 प्रतिशत
अनुसंधान	45 प्रतिशत
कारपोरेट क्रियाकलाप	10 प्रतिशत
अध्यापन और अनुसंधान को हाथो–हाथ में बने रहने के लिए समय में दस से बीस प्रतिशत का परिवर्तन का संनियम स्वीकार्य है	

गैर चिकित्सा सेवा विभाग	पैथोलजी, सूक्ष्म जीव विज्ञान, प्रयोगशाला
अध्यापन और प्रशिक्षण	30 प्रतिशत समय
सेवा प्रदाय	30 प्रतिशत समय
अनुसंधान	30 प्रतिशत समय
कारपोरेट क्रियाकलाप	10 प्रतिशत समय
अध्यापन, प्रशिक्षण और स्वास्थय देखभाल प्रदाय स्तम्भ के तीन सेवाएं हाथो–हाथ की हैं इसलिए निश्चित समय में दस से बीस प्रतिशत तक की अदला–बदली हो सकती है	

स्वास्थ्य विभाग प्रदता/नैदानिक विभाग	मेडिसन और सह विशेषज्ञता, शल्य चिकित्सा, और सह विशेषज्ञता स्त्री और प्रसूति रोग, रेडियोलाजी और इमेजिंग और न्यूक्लियर मेडिसन

IndiaCode

अध्यापन और प्रशिक्षण	30 प्रतिशत समय
रोगी चिकित्सा	30 प्रतिशत समय
अनुसंधान	30 प्रतिशत समय
कारपोरेट क्रिया कलाप	10 प्रतिशत समय
	अध्यापन, प्रशिक्षण और स्वास्थय देखभाल प्रदाय स्तम्भ के तीन सेवाएं हाथो—हाथ की हैं, इसलिए निश्चित समय में दस से बीस प्रतिशत तक की अदला—बदली हो सकती है

* कार्पोरेट क्रियाकलाप का समय विभिन्न विभाग या संस्थानगत या राष्ट्रीय या शैक्षिक समिति
** प्रत्येक संस्थान अपनी विभिन्न विभागों को दिये गए कार्य के अनुसार इन तीनों समूह में वर्गीकृत करेगा ।

3) संस्थानों को विभिन्न संघटक में काम के मूल्यांकन के लिए समय आबंटन के मानदंड परिवर्तन में 15 से 25 प्रतिशत तक की नम्यता रखेगा जो प्रारूपिक रूप से संस्थाओं द्वारा अधिसूचित किया जाएगा। संकाय सदस्य के काम को उक्त संघटक के लिए प्रत्येक संघटक के प्रारूपिक अधिमानता के अनुसार मूल्यांकन किया जाएगा ।

5. काम के मूल्यांकन के मानदंड

(1) संकाय सदस्य के काम को इन संघटक के लिए प्रत्येक संघटक के प्रारूपिक अधिमानता के अनुसार मूल्यांकन किया जाएगा। संकाय सदस्य की प्रोन्नति के लिए प्रोन्नति निर्धारण स्कीम (ए पी एस) के अधीन मूल्यांकन निम्नलिखित प्राचलों पर अधारित होगा, अर्थात् :—

(क) अध्यापन और प्रशिक्षण

मूल्यांकन आधारित होगा ;
(i) दिए गए शिक्षात्मक व्याख्यान पर
(ii) राष्ट्रीय सहयोजनों और अन्य शैक्षिक संस्थानों, शैक्षिक कार्यों अर्थात सतत चिकित्सा शिक्षा, ग्रेड राऊंड, सेमिनार या कार्यशाला में भाग लेने पर
(iii) चिकित्सा अध्यापन कार्य
(iv) अंतर्विभागीय अध्यापन
(v) विद्यार्थी के लघु शोध कार्य के लिए मार्गदर्शन और परामर्श
(vi) अतिथि आचार्य पद
(vii) प्रश्न बैंक की विरचना
(viii) विद्यार्थी पुनर्निवेशन
(ix) अध्यापन सामग्री या पुस्तके या मोनोग्राफ या तकनिकी मैनुअल
(x) शिक्षण पद्धति में नयाचार पुनःस्थापित करना

टिप्पण : उपरोक्त विवरणित क्रियाकलाप स्व—रिपोर्ट कार्यपंजी या प्रोफार्मा में अनुरक्षित होगें और आंतरिक छानबीन समिति को उपलब्ध कराये जाएगें ।

ख) अनुसंधान

कार्यकाल 25 से 30 प्रतिशत नम्यता के अधीन रहते हुए अनुसंधान के लिए वशवर्ती काल होगा ।

प्राप्त अनुदान

सहायक आचार्य	संस्थान में कार्यग्रहण करने के समय संस्थान द्वारा 2 से 5 लाख के अनुमोदित प्रोजेक्ट के लिए आरंभिक रकम के रूप में एक भीतरी अनुदान दिया जाएगा.
सह आचार्य	भीतरी अनुदान — 1
अपर आचार्य	भीतरी अनुदान — 2

(क) यह अनुदान या तो प्रधान अन्वेषक या तो सह अन्वेषक द्वारा धारित किया जाता है ।
(ख) प्रोन्नति निर्धारण स्कीम के अधीन मूल्यांकन के लिए समकक्ष पुनरीक्षित आचार समिति द्वारा अनुमोदित अनिधित अनुदान को भी समान अधिमान विचारित होगा।

IndiaCode

(ग) अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली, स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान और अनुसंधान संस्थान, चंडीगड, निम्हान्स, बंगलोर से भिन्न अन्य संस्थान भी वैज्ञानिक सलाहकार समिति स्थापित करेगें ।

(घ) आवश्यक रूप से सभी संकायों के लिए अनुसंधान पद्धति में प्रशिक्षण पाठ्यक्रम अवश्य आरंभ करेगें ।

(ग) प्रकाशन

(i) प्रोन्नति निर्धारण स्कीम के अंतर्गत प्रोन्नति के लिए विचारित होने के लिए संकाय सदस्यों को अनुसंधान क्रियाकलाप के भाग के रूप में निम्नानुसार पेपरों को प्रकाशित करना है :

	पबमेड अनुक्रमणिका पत्रिका में प्रकाशन (अध्याधेशित)
सहायक आचार्य	कम से कम 3 प्रकाशन जो कि जिन में कम से कम एक पहले लेखक के रूप में हो
सह आचार्य	3 से 5 पेपरों को निर्धारण अवधि के दौरान का होना चाहिए जिनमें से कम से कम एक पहले या तत्संबंधी लेखक का मूल लेख हो
अपर आचार्य	5 से 7 पेपरों को निर्धारण अवधि के दौरान का होना चाहिए जिनमें से कम से कम 02 पहले या तत्संबंधी लेखक का मूल लेख हो
आचार्य	5 से 10 पेपरों को निर्धारण अवधि के दौरान का होना चाहिए जिनमें से 03 पहले या तत्संबंधी लेखक का मूल लेख हो। प्रकाशन विशिष्ट अनुसंधान क्षेत्र में केंद्रित होना चाहिए ।

(ii) प्रकाशित पेपरों का मूल्यांकन निम्न के आधार पर होगा ।

(क) प्रकाशित लेखों की संख्या

(i) राष्ट्रीय पत्रिका ;
(ii) अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका ;
(ख) कुल प्रोद्धरण सूचकांक ;
(ग) पत्रिकाओं के औसत प्रभाव का कारक ;
(घ) प्रकाशन के गुणावत्ता ;
(ङ) पीएच.डी. छात्रों को दिए गए मार्गदर्शन की संख्या का सम्यक आकलन किया जाएगा ;
(च) उपार्जित पेटेंट्स का सम्यक आकलन किया जाएगा ;
(छ) चयनित सदस्यता या चिकित्सा और विज्ञान शैक्षणिक अध्येतावृत्ति एक वांछनीय उपलब्धि है जिसका सम्यक आकलन किया जाएगा।

(घ) रोगी देखभाल सेवाएं

रोगी देखभाल सेवा प्रदाय में कार्य निष्पादन का मूल्यांकन मानदण्ड निम्न प्रकार हैं :

(i) चिकित्सा आधारित –

(क) प्रतिमाह बहिरोगी चिकित्कालयों में उपस्थिति
(ख) प्रतिमाह दिए गए बहिरोगी ड्यूटी और किए गए कार्य
(ग) अपनाई गई कार्यविधि या शल्य चिकित्सा
(घ) नई तकनिकियों का विकास
(ङ) नई सेवा संचलन से सृजित रोग प्रबंध कार्यक्रम – सतत देखभाल के लिए आरंभ की गई
(च) दूर शिक्षा कार्यक्रम (उत्कृष्ठ कार्य)
(छ) देखभाल के नये मॉडल का या देखभाल प्रदाय पद्धति का विकास ।

(ii) गैर चिकित्सा आधारित

(क) कार्यभार
(ख) नए नैदानिक परीक्षण या तकनीकी का परिचय

टिप्पण : प्रत्येक संस्थान विभाग में विशेष संकाय सदस्य द्वारा रोगी देखभाल सेवा के लिए समय संविभाजित करने के लिए कॉलोजियम की स्थापना करेगा जो विभाग के अध्यक्ष और दो ज्येष्ठतम संकाय सदस्यों से मिलकर बनेगी, जो प्रशासन को अभिलेख और प्रोन्नत निर्धारण स्कीम के अंतर्गत पश्चातवर्ती मूल्यांकन के लिए संसूचित करेगा ।

IndiaCode

(ङ) कार्पोरेट क्रियाकलाप

यह भागीदारी संकाय सदस्यों द्वारा किए गए कार्यों जो संस्थान के उद्धेश्यों की अभिवृद्धि करने के लिए भी है तथा विभागों के काम सुचारू ढंग से चलाने के लिए है । राष्ट्रीय संस्थाओं के संकाय सदस्यों को भी राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय वैज्ञानिक, शैक्षिक और स्वास्थ्य देखभाल संगठनों की विभिन्न समितियों में और उद्योग जगत से सेवा के लिए बुलाए जाएगें।

6. ए पी एस के अधीन प्रोन्नाति के लिए प्रक्रिया और समय सारणी

(1) ए पी एस के अंतर्गत प्रोन्नति के लिए विचार हेतु प्रत्येक वर्ष के मई में आवेदन आमंत्रित किए जाएगें और संकाय सदस्य से यह पूछा जाएगा कि, क्या वे अपने कार्य को प्रस्तुतीकरण से उपदर्शित करना चाहते हैं । तदनुसार स्थायी चयन समिति द्वारा अभ्यर्थी संकाय सदस्य का साक्षात्कार किया जाएगा।

(2) नम्य संपूरक स्कीम के अंतर्गत प्रोन्नति निर्धारण स्कीम के अधीन दो स्तर पर छान बीन होगी। इसके अतिरिक्त, कार्य की सतत् समीक्षा भी की जाएगी ।

(3) आंतरिक छानबीन और सतत् समीक्षा

(क) प्रत्येक संस्था या विभाग के लिए संकाय सदस्यों द्वारा किए गए वार्षिक कार्यों के साथ–साथ सुसंगत संदर्भिकाओं के मूल्यांकन के लिए एक आंतरिक छान–बीन समिति का गठन करेगा। समिति द्वारा संकाय सदस्य के कार्य पर एक रिपोर्ट तैयार की जाएगी । संकाय सदस्य द्वारा प्रस्तुत सारांश और उसके कार्य की रिपोर्ट सतत समीक्षा के लिए भेजी जाएगी जो निम्नानुसार मूल्यांकित और श्रेणीबद्ध होगी ।

उत्कृष्ठ = (ए+)
बहुत अच्छा = (ए)
अच्छा = (बी+)
औसत = (बी)
अपर्याप्त = (सी)

(ख) समुचित अवधि के ए सी आर या एपीएआर का मूल्यांकन मार्गदर्शी सिद्धांतों के विस्तार के अनुसार किया जाएगा और उसके अनुसार निम्न रूप से श्रेणीबद्ध किया जाएगा।

उत्कृष्ठ = (ए+)
बहुत अच्छा = (ए)
अच्छा = (बी+)
औसत = (बी)
अपर्याप्त = (सी)

(ग) श्रेणीबद्ध एसीआर या एपीएआर, किये गए कार्य की रिपोर्ट और सतत् समीक्षा का परिणाम स्थायी समिति द्वारा विचार के लिए भेजा जाएगा।

(4) चयन समिति द्वारा छानबीन


(क) स्थाई चयन समिति का अध्यक्ष, संस्थान के निदेशक के परामर्श से संबंधित विभाग द्वारा सुझाये गए विशेषज्ञों के पैनल से विशेषाज्ञों का चयन करेगा जो साक्षात्कार से सहबद्ध होगें ।
(ख) संकाय सदस्यों से प्राप्त आवेदनों पर विचार के लिए प्रत्येक वर्ष के सितंबर में चयन समिति की बैठक नियत होगी।
(ग) सभी सदस्य और विशेषज्ञ साक्षात्कार के पश्चात् संकाय सदस्य को ''ए +'' से ''सी'' में व्यक्तिगत रूप से श्रणीबद्ध करेगा, जिसमें –

ए+ ''उत्कृष्ठ'' माना जाएगा है
ए ''बहुत अच्छा'' माना जाएगा
बी+ '' अच्छा'' माना जाएगा
बी ''औसत '' माना जाएगा
सी ''अपर्याप्त '' माना जाएगा

(घ) सह आचार्य और अपर आचार्य पर प्रोन्नति के लिए 'ए' निर्देशक चिन्ह होगा ।
(ङ) अपर आचार्य से आचार्य पर प्रोन्नति के लिए ' ए+' निर्देशक चिन्ह होगा ।

IndiaCode

7. प्रोन्नति निर्धारण स्कीम के लिए लागू समय– सारणीं



8. स्थाई चयन समिती की सिफारिश के विरुद्ध अपील

(1) अपील किए जाने की दशा में शासी परिषद यह संवीक्षा करेगी कि उसे ग्रहण किया जाय या नही। यदि अपील या अभ्यावेदन का युक्ति–युक्त अधार है तो उसे पूर्ण चयन समिति के विचार के लिए पुनः निर्दिष्ट किया जाएगा, और ऐसे विचार के दौरान समिती की सहायता कर रहे विशेषज्ञ ऐसे नही होगें जो मूल चयन में भाग ले चुके हैं ।

(2) अपीलकर्ता को सदैव मौखिक रूप से वैयक्तिक रूप से सुनवाई का अवसर चयन समिति द्वारा दिया जाएगा।

9. एपीएस के अंतर्गत अनुपयुक्त पाये गए अभ्यर्थियों की समीक्षा करना

ए पी एस स्कीम के अंतर्गत अपनी पात्रता के पहले वर्ष में अनुपयुक्त पाये जाने की बाबत अभ्यर्थी को आगामी वर्षों में ए पी एस स्कीम के अंतर्गत विचार किए जाने के लिए कोई वर्जना या पाबंदी नही होगी।

10. संस्थान से अनुपस्थित रहने की अवधि

(1) किसी संकाय सदस्य को अगली प्रोन्नति के लिए पात्र होने के पूर्व ए पी एस के अंतर्गत यह आवश्यक है कि वह प्रत्येक स्तर पर एक न्यूनतम अवधि तक सेवा करे। अतः, संकाय सदस्य जो संस्थान से बाहर के कार्य लेता है, समान्यता ए पी एस स्कीम के अंतर्गत विचार के पात्र नही होगों जब तक कि वे संस्थान में आवश्यक सेवा वर्ष नही रखते हैं । ऐसे कार्यों के लेने के समय संकाय सदस्य के कार्यमुक्त के आदेश में यह विनिर्दिष्ट रूप से स्पष्ट होना चाहिए कि ऐसे संस्थान से अनुपस्थित रहने की अवधि की संगणना ए पी एस के अंतर्गत पात्रता के लिए होगी या नहीं ।

(2) राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय या बहुराष्ट्रीय अभिकरणों जो स्वास्थ्य क्षेत्र (सेवाएं) में व्यवहार करते है ; के साथ सेवा या प्रशिक्षण की अवधि के ए पी एस के अंतर्गत पात्रता कि लिए संगणित होगी।

(3) छुट्टी की अवधि जिसके अंतर्गत चिकित्सा आधार पर छुट्टी, असाधारण छुट्टी आदि भी है। जो वैयक्ति आधार पर ली गई है, न्यूनतम आवासीय अवधि के लिए संगणित नही होगी।

(4) शिशु देखभाल के लिए अधिकतम छहः मास की अवधि की छुट्टी ए पी एस के अधीन मूल्यांकन के लिए विचारित होगी।

ख . चिकित्सा अधिकारियों के लिए गतिशील सुनिश्चित कैरियर प्रोन्नयन स्कीम

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन चिकित्सा अधिकारियों के लिए गतिशील सुनिश्चित कैरियर प्रोन्नयन (डी ए सी पी) स्कीम का विस्तार इस संस्थान के साधारण ड्यूटी चिकित्सा अधिकारियों और विशेषज्ञ श्रेणी के चिकित्सा अधिकारियों के लिए किया गया है। स्कीम के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों के लिए प्रोन्नतियां रिक्तियां से असंबद्ध और नीचे यथा उपदर्शित रूप में होगी :

(क) साधारण ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी (जी डी एम ओ)

(i) जी डी एम ओ वेतन बैंड – 3, 15600–39100 रू + ग्रेड वेतन 5400 रू में चार वर्ष नियमित सेवा पूरी करने पर वेतर बैंड – 3, 15600–39100 रू + ग्रेड वेतन 6600 रू. के ज्येष्ठ जी डी एम ओ श्रेणी में प्रोन्नत किए जाएंगे ।

(ii) ज्येष्ठ जी डी एम ओ जिनकी वेतन बैंड – 3, 15600–39100 रू + ग्रेड वेतन 6600 रू. में पाँच वर्ष की नियमित सेवा पूरी करने पर वेतन बैंड –3, 15600–39100 रू + ग्रेड वेतन 7600 रू. के मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्रेणी में प्रोन्नत किए जाएंगे ।

(iii) मुख्य चिकित्सा अधिकारी वेतन बैंड – 3, 15600–39100 रू + ग्रेड वेतन 7600 रू. में चार वर्ष की नियमित सेवा पूरी करने पर वेतन बैंड – 4, 37400 – 67000 रू + ग्रेड वेतन 8700 रू. के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (अकृत्यिक चयन श्रेणी) में प्रोन्नत किए जाएंगे ।

(iv) मुख्य चिकित्सा अधिकारी (अकृत्यिक चयन श्रेणी) वेतन बैंड –4, 37400 – 67000 रू + ग्रेड वेतन 8700 रू. में सात वर्ष की नियमित सेवा पूरी करने पर वेतन बैंड – 4, 37400 – 67000 रू + ग्रेड वेतन 10000 रु के ज्येष्ठ प्रशासनिक श्रेणी में प्रोन्नत किए जाएंगे ।

(ख) चिकित्सा अधिकारी विशेष श्रेणी

(i) चिकित्सा अधिकारी विशेष श्रेणी वेतन बैंड –3, 15600–39100 रू + ग्रेड वेतन 6600 रू. में दो वर्ष की नियमित सेवा पूरी करने पर वेतन बैंड –3, 15600–39100 रू + ग्रेड वेतन 7600 रू. के विशेषज्ञ श्रेणी (ज्येष्ठ वेतनमान) में प्रोन्नत किए जाएंगे ।

(ii) विशेषज्ञ श्रेणी (ज्येष्ठ वेतनमान) चिकित्सा अधिकारी वेतन बैंड – 3, 15600–39100 रू + ग्रेड वेतन 7600 रू. में चार वर्ष की नियमित सेवा पूरी करने पर वेतन बैंड –4, + ग्रेड वेतन 8700 रू. श्रेणी में विशेषज्ञ श्रेणी –। में प्रोन्नत किए जाएंगे ।

(iii) विशेषज्ञ श्रेणी – I चिकित्सा अधिकारी वेतन बैंड –4, 37400 – 67000 रू + ग्रेड वेतन 8700 रू. में सात वर्ष की नियमित सेवा पूरी करने पर वेतन बैंड – 4, 37400 – 67000 रू + ग्रेड वेतन 10000 रू. श्रेणी में प्रोन्नत किए जाएंगे ।

ग. गैर चिकित्सा वैज्ञानिक और तकनीकी अधिकारियों के लिए स्वस्थानी प्रोन्नति स्कीम

स्वास्थ्य और परिवारा कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के स्वास्थ्य विभाग (समूह 'क' राजपत्रित गैर चिकित्सा वैज्ञानिक और तकनीकी अधिकारी पद) में स्वस्थानी प्रोन्नति नियम, 1990 के अधीन प्रोन्नति स्कीम का विस्तार इस संस्थान के समूह 'क' वैज्ञानिक और तकनीकी अधिकारियों जैसे जैव चिकित्सा इंजीनियर, कंप्यूटर प्रोग्रामर, चिकित्सा भौतिक विज्ञानी, वैज्ञानिक या ज्येष्ठ वैज्ञानिक अधिकारियों और चिकित्सा अधिकारी को किया गया है।

स्कीम की प्रमुख विशिष्टियां निम्न रूप में उपदर्शित है :–

(1) यह विद्यमान वैज्ञानिक स्तर का पद धारण किए हुए अभ्यर्थी की अगली उच्च वैज्ञानिक स्तर पर उसके पद या पदनाम में बिना किसी परिवर्तन के वैयक्तिक प्रोन्नति है।

(2) समूह 'क' वैज्ञानिक और तकनीकी अधिकारी जो किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से विज्ञान में मास्टर डिग्री या इंजीनियरी या प्राद्यौगिकी में बैचलर डिग्री या समतुल्य अर्हता रखते है, प्रोन्नति के लिए पात्र होंगे ।

(3) वैज्ञानिक या तकनीकी अधिकारी जो समूह 'क' पद धारण किए हुए हैं वेतन बैंड–4, 37400–67000 रू+ ग्रेड वेतन 8700 रू. में वैज्ञानिक श्रेणी – स्तर 4 तक के लिए प्रोन्नति के पात्र होगें जो निम्न है :–

(क) वैज्ञानिक स्तर– 1 अधिकारी जो वेतन बैंड –3, 15600–39100 रू + ग्रेड वेतन 5400 रू. में कार्यरत है श्रेणी में पाँच वर्ष की नियमित सेवा पूरी करने पर वेतन बैंड –3, 15600–39100 रू + ग्रेड वेतन 6600 रू. श्रेणी में वैज्ञानिक स्तर–2 में मूल्यांकन के आधार पर प्रोन्नत किए जाएगें ।

(ख) वैज्ञानिक स्तर – 2 अधिकारी जो वेतन बैंड –3, 15600–39100 रू + ग्रेड वेतन 6600 रू. श्रेणी में कार्यरत है श्रेणी में पाँच वर्ष की नियमित सेवा पूरी करने पर वेतन बैंड –3, 15600–39100 रू + ग्रेड वेतन 7600 रू. श्रेणी में वैज्ञानिक स्तर–3 में मूल्यांकन के आधार पर प्रोन्नत किए जाएंगे ।

(ग) वैज्ञानिक स्तर – 3 अधिकारी जो वेतन बैंड –3, 15600–39100 रू + ग्रेड वेतन 7600 रू. श्रेणी में कार्यरत है श्रेणी में पाँच वर्ष की नियमित सेवा पूरी करने पर वेतन बैंड –4, 37400–67000 रू + ग्रेड वेतन 8700 रू. श्रेणी में वैज्ञानिक स्तर–4 में मूल्यांकन के आधार पर प्रोन्नत किए जाएंगे. वैज्ञानिक स्तर–5, वेतन बैंड– 4, 37400 –67000, + ग्रेड वेतन 10,000 रू. में प्रोन्नति भी सीमित मामलों में होगी।

(4) जहां किसी अधिकारी को इन नियमों के अधीन प्रोन्नत किया गया है तो वह जिस पद पर प्रोन्नत हुआ है उसके द्वारा तत्काल धारण किया हुआ पद की श्रेणी का अगले स्तर पर उन्नयन होगा और उसके द्वारा पद धारक अधिकारी के द्वारा पद छोडने पर वह मूल स्तर पर प्रतिवर्तित होगा।

(घ) समयबद्ध प्रोन्नति स्कीम

अपर सचिव, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण की अध्यक्षता के अंतर्गत स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा गठित काडर समीक्षा समिति की सिफारिशों पर आधारित एक समयबद्ध प्रोन्नति स्कीम संस्थान के कर्मचारियों के लिए

तारीख 6 अप्रैल, 1995 से लागू है। उक्त स्कीम के अधीन कर्मचारियों को दस वर्ष और बीस वर्ष की नियमित सेवा पूरी करने पर क्रमशः दो वित्तीय उन्नयन प्रदान किए जाएंगे । स्कीम को 28 वर्ष की नियमित सेवा पूरी करने पर तीसरा वित्तीय उन्नयन प्रदान करने के लिए उपांतरित किया गया था जो 03 नवंबर, 2010 से प्रभावी है। संस्थान के सभी समूह 'क' (जो किसी भी प्रोन्नति स्कीम के अंतर्गत नही आते हैं), समूह 'ख' और समूह 'ग' कर्मचारी स्कीम के अंतर्गत फायदा प्राप्त करने के लिए अर्ह होंगे ।

स्कीम की विशिष्टियां निम्न रूप में उपदर्शित हैं :

(1) स्कीम के अंतर्गत किसी काडर या प्रवर्ग के पदों को इस प्रयोजन के लिए सृजित किये बिना उसके विद्यमान उत्क्रम के अनुसार अगली उच्च श्रेणी में वित्तीय उन्नयन प्रदान किया जाएगा।

(2) स्कीम के अंतर्गत वित्तीय उन्नयन शुद्ध रूप से वैयक्तिक है और उसका ज्येष्ठता की स्थिति से कोई सुसंगतता नही है। समयबद्ध स्कीम के अंतर्गत इस आधार पर कि श्रेणी में कनिष्ठ कर्मचारी उच्च वेतनमान प्राप्त कर रहे हैं ज्येष्ठ कर्मचारियों के लिए ऐसा कोई अतिरिक्त वित्तीय उन्नयन नहीं है। उक्त स्कीम के अंतर्गत वेतन निर्धारण की गणना में इस संबंध में कि कनिष्ठ अपने ज्येष्ठ से अधिक वेतन प्राप्त कर रहे हैं वेतन बैंड या ग्रेड वतन में वेतन का कोई उच्चीकरण स्वीकार्य नहीं है।

(3) किसी कर्मचारी की संपूर्ण सेवा में समयबद्ध प्रोन्नति स्कीम के अंतर्गत तीन वित्तीय उन्नयन की संगणना उस श्रेणी जिसमें वह सीधी भर्ती किये हुए व्यक्ति के रूप में कर्मचारी नियुक्ति हुआ या से प्राप्त नियमित प्रोन्नतियों के सापेक्ष की जाएगी।

(4) समयबद्ध प्रोन्नति स्कीम के प्रयोजन के लिए नियमित सेवा से सुसंगत भर्ती या सेवा नियम के निबंधनों के अनुसार नियमित प्रोन्नति के लिए संगणित पात्रता सेवा अभिप्रेत है।

(5) समयबद्ध प्रोन्नति स्कीम के वेतन के अंतर्गत वित्तीय उन्नयन पर कर्माचारी का वेतन मूल नियम 22(1) (क) (1) कि उपबंधों के अधीन नियत की जाएगी। स्कीम के अंतर्गत अनुज्ञात वित्तीय फायदें अंतिम है और नियमित प्रोन्नति के समय कोई वेतन नियतीकरण फायदा उद्भभूत नही होगा।

(6) समयबद्ध प्रोन्नति स्कीम के लिए सभी प्रोन्नति संनियमों का पालन होगा । यदि कर्मचारी नियमित प्रोन्नति के प्रयोजन के लिए विहित विभागीय या कौशल परीक्षण अर्हता प्राप्त करने में असफल रहता है तो उसे स्कीम के अंतर्गत प्रोन्नति नही प्रदान की जाएगी।

(7) समयबद्ध प्रोन्नति स्कीम सभी कर्मचारियों के लिए जिसके अंतर्गत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के कर्मचारी भी है प्रारूपिक रूप से लागू है। अतः आरक्षण आदेश और रोस्टर इस स्कीम के लिए लागू नही होगा।

(8) अनुशासनात्मक या शास्ति कार्यवाहियों के मामले में, स्कीम के अंतर्गत फायदे का दिया जाना प्रोन्नति को शासित करनेवाले नियमों के अध्यधीन है। ऐसे मामले केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1965 और उसके अधीन जारी अनुदेशों से विनियमित होंगे ।

(9) समयबद्ध प्रोन्नति स्कीम के उपबंध केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों के लिए पूर्ववर्ती सुनिचित कैरियर उन्नयन स्कीम के समरूप हैं इसलिए कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा सुनिचित कैरियर उन्नयन के उपबंधों के संदर्भ में दिए गए निर्वचन और शंकाओं के लिए स्पष्टीकरण समयबद्ध प्रोन्नति स्कीम के उपबंधों के शंकाओं के लिए भी समान रूप से लागू होंगे ।

अनुसूची –VII

संस्थान द्वारा विज्ञापित विभिन्न पदों के लिए प्रत्येक आवेदन के साथ पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों से प्रभारित फीस (विनियम 34 का उप–विनियम (3) देखें)

संख्या	संवर्ग	फीस	
		साधारण / ओबीसी	एससी / एसटी
1.	सभी समूह 'क' पद संकाय सदस्य पद सहित	2000 रू.	1000 रू.
2.	सभी समूह 'ख' पद	1000 रू.	750 रू.
3.	सभी समूह 'ग' पद	750रू.	500रू.

टिप्पण : विदेश में रहने वाले भारतीय नागरिक भी अपनी शैक्षणिक अर्हता, अध्यापन या अनुसंधान के अनभव पूरे विवरण के साथ समर्थकारी दस्तावेजों को आवेदन पत्र के साथ US$ 25 प्रति आवेदन फीस के साथ आवेदन कर सकते हैं ।

अनुसूची–VIII

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका–विज्ञान संस्थान, बंगलोर में विभिन्न पदों के लिए अनुशासनिक, नियुक्ति और अपीलीय प्राधिकारी (विनियम 41 के उप विनियम (2) के परंतुक का खंड (ii) देखें)

क्रम संख्यांक	पद का विवरण	नियुक्ति प्राधिकारी	अनुशासनिक प्राधिकारी	केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियत्रंण और अपील) नियम 1965, नियम 11 के अधीन शास्ति अधिरोपित करने के लिए सक्षम प्राधिकारी	अपीलीय प्राधिकारी
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	निदेशक	संस्थान निकाय (निम्हान्स, बंगलोर, नियम 2012 के नियम 8 के अध्यधीन)	संस्थान निकाय	संस्थान निकाय–सभी प्रकार की शास्ति	केंद्रीय सरकार
2	ज्येष्ठ आचार्य, आचार्य, चिकित्सा अधीक्षक, प्रधान पुस्तकालय और सूचना अधिकारी	शासी निकाय (केंद्रीय सरकार के अनुमोदन के अध्यधीन)	शासी निकाय	शासी निकाय– सभी प्रकार की शास्ति	संस्थान निकाय
3	अपर आचार्य और समूह 'क' अनुसचिवीय पद	अध्यक्ष	अध्यक्ष	अध्यक्ष – सभी प्रकार की शास्ति	शासी निकाय
4	सह आचार्य, सहायक आचार्य समूह, 'क' तकनीकी पद, समूह 'ख' और समूह 'ग' तकनीकी पद और अनुसचिवीय पद, ज्येष्ठ रेजीडेंट, कनिष्ठ रेजीडेंट, अनुसंधान बजट से नियत या समय वेतनमान पर अनुसंधान प्रोजेक्ट के अस्थाई पद	निदेशक	निदेशक	निदेशक – सभी प्रकार की शास्ति	शासी निकाय

अनुसूची – IX

निम्हान्स परिसर में स्टाफ क्वाटर आबंटन की पात्रता
(विनियम 45 देखें)

संख्या	क्वाटर टाइप	क्वाटर नं	पात्रता (ग्रेड वेतन/वेतन मान) (रू. में)	स्टाफ संवर्ग
1	टाइप –I	111	1800	समूह 'ग'
2	टाइप –II	114	1900,2000,2400,2800	समूह 'ग'
3	टाइप –III	124	4200,4600,4800	समूह 'ख'
4	टाइप –IV	76	5400,6600,7600 8000,8700,8900,9000	समूह 'क' सहायक या सह आचार्य
5	टाइप –V	36	9500, 10000 10500 और	समूह क' (ज्येष्ठ प्रशासनिक श्रेणी) या अपर आचार्य या आचार्य
6	टाइप –VI	3	67000 – 79000 80000 (स्थिर)	ज्येष्ठ आचार्य या निदेशक

कुल क्वाटर की संख्या : 464

IndiaCode

अनुसूची – X

निम्हान्स स्वास्थ्य योजना

(विनियम 45 देखें)

1. प्रस्तावना

निम्हान्स स्वास्थ्य योजना (एनएचएस) संस्थान में कर्मचारी और उनके आश्रित परिवार के सदस्यों के लिए व्यापक चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने की दृष्टि से मार्च 1997 में आरंभ की गई है । सेवानिवृत्त कर्मचारी को इस तारीख के पश्चात् इस योजना में शामिल होने का विकल्प है। रेजीडेंट्स, पूर्णकालिक छात्रों, संविदा कर्मचारियों और मार्च, 1997 से पहले सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी सीमित सुविधाएं हैं । केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना की तर्ज पर योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को अभिदाय के अंशदान के भुगतान पर स्वास्थ्य योजना (सी.जी.एचएस) चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाती हैं । एनएचएस कार्ड सभी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को जारी किए गए हैं जो उन्हें निम्हान्स स्वास्थ्य केंद्र (एनएचसी) सरकारी अस्पतालों या रेफरल अस्पतालों में निःशुल्क उपचार के लिए हकदार बनाते हैं । योजना के अधीन कुछ निजी अस्पताल और निदान केंद्रों को भी पैनल में रखा गया है जहां लाभार्थी एन एच एस चिकित्साधिकारी द्वारा रेफर किए जाने के आधार पर जा सकते हैं । किसी आकस्मिता की दशा में लाभार्थी सीधे पैनल के अस्पताल में जा सकते हैं और 48 घंटों के भीतर रेफर होने के पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं । ये अस्पताल या नैदानिक केंद्र लाभार्थियों को सी.जी.एच.एस. द्वारा अनुमोदित दर पर उपचार या नैदानिक सुविधा प्रदान करेगें। निजी पैनल के अस्पताल में उपागत व्यय की प्रतिपूर्ती सी जी एच एस या एन एच एस की अधिकतम दर पर की जाएगी। सरकारी अस्पताल में उपगत वास्तविक व्यय के अनुसार प्रतिपूर्ती की जाएगी।

2. पात्र व्यक्ति

निम्न लिखित सदस्य इस योजना के अधीन चिकित्सा सुविधा का लाभ पाने के पात्र हैं :

(i) निम्हान्स के सभी नियमित कर्मचारी और प्रतिनियुक्त कर्मचारी और उन पर आश्रित परिवार के सदस्य।

(ii) मार्च 1997 के बाद सेवानिवृत्त कर्मचारी और उन पर आश्रित परिवार के सदस्य, जो इस योजना में आते हैं । अवकाश ग्रहण करनेवाले कर्मचारियों को उनकी सेवानिवृत्ति के एक मास के भीतर उनको अपना विकल्प चुनना होगा।

(iii) कुटुंब के पेंशनभोगी जो मृतक एन एच एस लाभार्थी के आश्रित हैं ।

रेजीडेंटस, पूर्णकालिक छात्रों, मार्च 1997 के पश्चात् सेवा निवृत्त कर्मचारियों और संविदा पर नियुक्त कर्मचारियों को भी (स्वयं के लिए), यदि वे ऐसे फायदे के लिए अनुरोध करते हैं निम्नलिखित सीमित सुविधाएं उपलब्ध होगी।

(i) निम्हान्स अस्पताल या एन एच एस में निःशुल्क परामर्श और उपचार और निम्हान्स में उपलब्ध औषधियों का जारी किया जाना।

